## About the Book

Agrawal Examcart द्वारा आपके लिए लाई गई हमारी नवीनतम रचना - सॉल्व्ड पेपर बुक के साथ अपनी परीक्षा की तैयारी को सुपरचार्ज करने के लिए तैयार हो जाइए ! जानिए इसे लेने के मुख्य कारण :

- अपनी परीक्षा की तैयारी का सटीक आकलन करने के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करना महत्वपूर्ण है। यह आपको वास्तविक जानकारी देता है कि आप अपनी तैयारी के वर्तमान स्तर के आधार पर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए तैयार हैं या नहीं।

- पेपर के साथ हम प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत हल भी प्रदान कराते हैं। विशेषज्ञों द्वारा तैयार हर प्रश्न का हल आपको सही उत्तरों के पीछे की अवधारणाओं को समझने में मदद करेगा, जिससे आपका सीखने का अनुभव और भी बढ़ जाएगा।

अपनी परीक्षा की सफलता को संयोग पर न छोड़ें। आज ही हमारी सॉल्व्ड पेपर बुक की अपनी प्रति प्राप्त करें और अपनी तैयारी को अगले स्तर पर ले जाएँ।

### अन्य उपयोगी पुस्तकें











इन किताबों की Sample PDFs को पढ़ने के लिए तथा खरीदने के लिए QR Code को Scan करें

Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

REET Paper-2 (कक्षा 6 से 8) सॉल्व्ड पेपर्स (सामाजिक अध्ययन)

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

CB1900

REET Paper-2 (कक्षा 6 से 8)
सॉल्व्ड पेपर्स
(सामाजिक अध्ययन)
ISBN - 978-93-6054-995-4
9 789360 549954
₹ 199

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS

# REET

## Paper -2 ( कक्षा 6 से 8 के लिए )

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र | हिंदी (भाषा 1 एवं 2) |
English ( Language 1 and 2) | संस्कृत (भाषा 1 एवं 2) | सामाजिक अध्ययन

# 08 सॉल्व्ड पेपर्स

2011-2022

सम्पूर्ण हल सहित
**सॉल्व्ड पेपर्स**

| वर्ष | पेपर्स की संख्या | वर्ष | पेपर्स की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2022 | 3 | 2015 | 1 |
| 2021 | 1 | 2012 | 1 |
| 2017 | 1 | 2011 | 1 |



अब होगा
REET का महाअभ्यास
जब होंगे विगत वर्षों के
सबसे ज़्यादा पेपर्स
एक साथ !

| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1900 | ₹ 199 | 190 | 978-93-6054-995-4 |

# विषय सूची


- ➔ परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना — iv
- ➔ REET (6 to 8) के पिछले वर्षों के हल प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट — v
- ➔ REET (6 to 8) का नवीनतम् पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न — xi

**सॉल्व्ड पेपर्स — 1-176**

- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2022 (कक्षा 6-8) [परीक्षा तिथि : 24-07-2022 (प्रथम पाली)] — 1-25
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2022 (कक्षा 6-8) [परीक्षा तिथि : 24-07-2022 (द्वितीय पाली)] — 26-50
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2022 (कक्षा 6-8) [परीक्षा तिथि : 23-07-2022 (द्वितीय पाली)] — 51-75
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2021 (कक्षा 6-8) [परीक्षा तिथि : 26-09-2021] — 76-98
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2017 (कक्षा 6-8) — 99-115
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2015 (कक्षा 6-8) — 116-131
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2012 (कक्षा 6-8) — 132-155
- ➢ राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) हल प्रश्न–पत्र, 2011 (कक्षा 6-8) — 156-176

# राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET)
# हल प्रश्न-पत्र, 2022 (कक्षा 6-8)

**परीक्षा तिथि : 24-07-2022 (प्रथम पाली)**

## भाग–I

## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** विकास के नियम के रूप में कौन–सा कथन सत्य नहीं है ?
(A) विकास प्रत्येक अवस्था में समान रूप से होता है।
(B) विकास, परिपक्वता तथा सीखने का परिणाम है।
(C) विकास में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ होती हैं।
(D) विकास के प्रारूप पूर्वानुमेय होते हैं।

**2.** नैतिक विकास का सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था ?
(A) राबर्ट जे. हेविगहर्स्ट
(B) लॉरेन्स कोहेलबर्ग
(C) एलिजाबेथ हरलॉक
(D) लेव वायगोत्सकी

**3.** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त से कौन-सी अवधारणा सम्बन्धित नहीं हैं ?
(A) स्कीमा (B) अधिग्रहण
(C) आत्मसात्करण (D) व्यवस्थापन

**4.** सिग्मण्ड फ्रायड द्वारा प्रतिपादित मनोलैंगिक विकास की अवस्था निम्न में से कौन–सी नहीं हैं ?
(A) फैलिक अवस्था
(B) एनल अवस्था
(C) ओडिपस कॉम्पलेक्स अवस्था
(D) लेटेन्सी अवस्था

**5.** बाल विकास में वातावरण की भूमिका..........के द्वारा सबसे सही रूप में प्रतिबिम्बित होती है।
(A) स्वभावगत प्रवृत्तियाँ
(B) व्यक्तित्व की प्रकृति
(C) प्राथमिक प्रतिक्रिया के तरीके
(D) आदत निर्माण

**6.** जीन्स का जोड़ा, जो विशेष गुणसूत्र पर एक विशिष्ट स्थान अधिगृहित करता है तथा समान गुण को नियन्त्रित करता है,.......कहा जाता है।
(A) कार्योटाइप (B) आर.एन.ए.
(C) ऐलील (D) आटोसॉम्स्

**7.** निम्न में से कौन–सा थॉर्नडाइक के सीखने के नियमों का हिस्सा नहीं हैं ?
(A) तत्परता का नियम
(B) साहचर्य का नियम
(C) अभ्यास का नियम
(D) प्रभाव का नियम

**8.** अधिगम का अंतर्दृष्टि सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था ?
(A) वॉल्फगेन्ग कोहलर
(B) जीरोम ब्रूनर
(C) मार्टिन सेलिगमेन
(D) एरिक एरिकसन

**9.** ड्वाईट डब्ल्यू. ऐलन के द्वारा कौन-सी शिक्षण-अधिगम विधि प्रस्तुत की गई ?
(A) सूक्ष्म शिक्षण (B) दल शिक्षण
(C) मस्तिष्क विप्लव (D) अन्त:क्रिया शिक्षण

**10.** रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग द्वारा बुद्धि का कौन-सा सिद्धान्त प्रस्तावित किया गया है ?
(A) द्विकारक सिद्धान्त
(B) बहुकारक सिद्धान्त
(C) त्रिआयामी सिद्धान्त
(D) पदानुक्रमिक सिद्धान्त

**11.** निम्न में से कौन–सा बुद्धि का निष्पत्ति परीक्षण हैं ?
(A) जालोटा सामान्य बुद्धि परीक्षण
(B) भाटिया बैटरी
(C) आर्मी अल्फा परीक्षण
(D) ड्रॉ ए मेन परीक्षण

**12.** निम्न में से कौन सा कक्षा में सीखने को प्रभावित करने वाला मनोवैज्ञानिक कारक हैं ?
(A) स्वास्थ्य, उम्र एवम् जेण्डर
(B) परिपक्वता का स्तर
(C) अभिप्रेरणात्मक एवम् संवेगात्मक अवस्था
(D) विषयवस्तु की अर्थपूर्णता

**13.** निम्न में से कौन-सा बाह्य अभिप्रेरण का उदाहरण हैं ?
(A) उपलब्धि की आवश्यकता
(B) चिन्ता
(C) आकांक्षा स्तर
(D) पुरस्कार

**14.** अभिप्रेरणात्मक चक्र के तीन महत्वपूर्ण घटक कौन से हैं ?
(A) अधिगम, पुरस्कार तथा संतुष्टि
(B) आवश्यकता, अंतर्नोद तथा प्रोत्साहन
(C) अभिप्रेरण, लक्ष्य तथा प्रतिपुष्टि
(D) उपलब्धि, अनुमोदन तथा संबंधन

**15.** व्यक्तित्व का शीलगुण सिद्धान्त किसने प्रतिपादित नहीं किया हैं ?
(A) पॉल कॉस्टा व रॉबर्ट मेकक्रे
(B) रेमण्ड कैटेल
(C) हेन्स आइजेन्क
(D) गोर्डन ऑलपोर्ट

**16.** कौन-सा व्यक्तित्व परीक्षण नैदानिक निदान के लिए वैध है ?
(A) एम. एम. पी. आई. (B) 16 पी. एफ.
(C) ई. पी. पी. एस. (D) टी. ए. टी.

**17.** व्यवसाय चयन में वैयक्तिक विभिन्नताओं को निम्न द्वारा समझाया जाता है—
(A) संज्ञानात्मक योग्यताओं में अन्तर
(B) स्वभावगत प्रवृत्तियाँ
(C) सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में अन्तर
(D) अभिक्षमता में अन्तर

**18.** व्यक्तिगत विभिन्नताओं की प्रकृति के लिए निम्न में से कौन-सी अवधारणा सत्य नहीं हैं ?
(A) सामान्य सम्भाव्यता
(B) अधिगम समानता
(C) विचलनशीलता
(D) शीलगुणों का अन्तर सम्बन्ध

**19.** प्रतिभाशाली बालकों की शिक्षा के लिये कौन-सा उपाय प्रासंगिक नहीं हैं ?
(A) पाठ्यक्रम की समृद्धि
(B) उपचारात्मक अध्यापन
(C) श्रेणी उन्नति
(D) विशेष कक्षायें

**20.** कुसमायोजन का कौन-सा तत्व विशेष रूप से निर्णय लेने से सम्बन्धित है ?
(A) तनाव (B) कुण्ठा
(C) चिंता (D) द्वन्द्व

**21.** समायोजन के लिये एक युक्ति के रूप में रक्षात्मक युक्तियों के प्रयोग को मौलिक रूप से किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था ?

(A) अब्राहम मास्लो (B) सिग्मण्ड फ्रायड

(C) कार्ल रॉजर्स (D) जीन पियाजे

**22.** आकलन का कौन-सा प्रकार शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से सम्बन्धित नहीं हैं ?

(A) उपलब्धि (B) सतत्

(C) नैदानिक (D) उपचारात्मक

**23.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा को किस वर्ष में प्रस्तावित किया गया ?

(A) 2001 (B) 2005

(C) 2004 (D) 2008

**24.** क्रियात्मक अनुसंधान का प्रमुख उद्देश्य.........है।

(A) क्रिया-विधि (B) नैदानिक

(C) विवरणात्मक (D) रूपान्तरकारी

**25.** कौन-सी विकृति अधिगम अक्षमता का एक प्रकार हैं ?

(A) क्रेटिनिज्म (B) एडीएचडी

(C) डिस्लेक्सिया (D) ऑटिज्म

**26.** ट्राइसोमी-21 को कहा जाता है ?

(A) क्लाइनफेल्टर संलक्षण

(B) सिकल सेल रोग

(C) टर्नर संलक्षण

(D) डाउन संलक्षण

**27.** अधिगम के समस्या-समाधान उपागम का अन्तिम चरण कौन-सा है ?

(A) तार्किक क्रम का अनुसरण

(B) संप्रत्यय तथा नियमों का ज्ञान

(C) निष्पादन का सत्यापन

(D) क्रियाविधि का प्रदर्शन

**28.** उपलब्धि परीक्षण के निर्माण के लिए निम्न में कौन-सा सत्य नहीं हे ?

(A) विश्वसनीयता (B) मूल्यांकन

(C) वैधता (D) वस्तुनिष्ठता

**29.** जे.पी. गिलफोर्ड के अनुसार, सर्जनात्मक बालकों की विशेषता कौन-सी नहीं हे ?

(A) चिन्तन में समानुभूति

(B) समस्या के बहुविध उत्तर

(C) चिन्तन में लचीलापन

(D) चिन्तन में मौलिकता

**30.** निम्न में से कौन-सा शिक्षण के स्तरों के आधार पर शिक्षण का प्रकार नहीं हे ?

(A) बोद्ध स्तर (B) प्रदर्शन स्तर

(C) स्मृति स्तर (D) चिन्तन स्तर

## भाग–II

## हिंदी भाषा–I

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"अब तो कम्प्यूटरों की सुविधा हो जाने से न सिर्फ पेज बनाने में सुविधा हो गई हैं, पहले की अपेक्षा काफी आकर्षक तरीके से साफ–सुथरा पेज बनाना संभव हो गया है–बल्कि एक स्थान से दूसरे स्थान पर खबरों को भेजना और पूरे के पूरे पेज को भेजना आसान हो गया है। पहले यह सुविधा नहीं थी। अब तो कई अखबारों के पेज दिल्ली में तैयार होते हैं और देश के दूसरे शहरों में भी जस के तस भेज दिये जाते हैं। इस तरह पूरे देश में एक ही तरह की साज–सज्जा के साथ अखबार देखे–पढ़े जा सकते हैं। खासकर हर अखबार अपने संपादकीय पृष्ठ इसी तरह प्रकाशित करते हैं। इसी तरह अंग्रेजी अखबार तो अब तैयार कहीं और होते हैं तथा प्रकाशित कहीं और होते हैं। अंग्रेजी अखबार हिन्दू ने पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया। वह चेन्नई में तैयार किया जाता था और उसका दिल्ली के आस–पास बिकने वाला संस्करण हरियाणा के गुड़गाँव में छपता था। अब इस तकनीक का इस्तेमाल लगभग सभी बड़े अखबार करने लगे हैं।

**31.** रेखांकित '**अपेक्षा**' शब्द का अर्थ है–

(A) अनादर

(B) आकांक्षा

(C) अस्वीकृत

(D) अवहेलना

**32.** निम्नलिखित में से 'भूतकाल' का सही उदाहरण है–

(A) पूरे के पूरे पेज को भेजना आसान हो गया है।

(B) अंग्रेजी अखबार तो अब तैयार कहीं और होते हैं।

(C) पहले यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

(D) अंग्रेजी अखबार हिन्दू द्वारा पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा।

**33.** निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग है :

(A) काफी (B) काबिल

(C) काफूर (D) कापुरुष

**34.** 'इस तकनीक का इस्तेमाल किया' में रेखांकित का बहुवचन बदलने का होगा–

(A) इन तकनीक (B) इस तकनीक।

(C) इन तकनीकों (D) हम तकनीक।

**35.** निम्नलिखित में से शब्द का हिन्दी मानक रूप है:

(A) खास (B) संभव

(C) तैयार (D) पेज

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 45 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"खुशी बांटने से बढ़ती है और दुख कहने से कम हो जाता है। दैनंदिनी कार्यकलापों में सुख या दुख की जो अनुभूति होती है, वह अनायास ही व्यक्त हो जाती है। बीमारी के समय हमारे मुँह से 'हे राम' की ध्वनि या दुख की अवस्था में कई बार '**ओ! माँ**' निकल पड़ता है। इसी तरह के अनेक ध्वनि संकेतों की सहायता से हम अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए भाषा का सहारा लेते हैं। यह तो हुई मौखिक अभिव्यक्ति की बात। अब लिखित अभिव्यक्ति के लिए हमें चाहिए कि विचारों को क्रमबद्धता देकर भावों के अनुकूल भाषा का प्रयोग करें। शुद्ध स्वाभाविक और स्पष्ट लिखने का प्रयास करें। कई बार ऐसा होता है कि हम सोचते तो बहुत हैं मगर ठीक से लिख नहीं पाते। इसके लिए सबसे पहले किसी भी विषय पर हमें एकाग्रभाव से चिन्तन–मनन की जरूरत होती है। फिर वही चिन्तन जब हमारे दिमाग में परिपक्व हो जाता है, तब विचारों के अनुकूल शब्दों का चुनाव किया जाता है और भाषा के सहारे लिखा जाता है।"

**36.** रेखांकित 'दैनंदिनी' शब्द रूप है–

(A) अव्यय (B) सर्वनाम

(C) पुल्लिंग (D) विशेषण

**37.** 'अुनकूल' का विलोम है–

(A) प्रतिकूल (B) विपर्यास

(C) विनिहत (D) अनुकूलन

**38.** 'चिन्तन' शब्द का सही संधि–विच्छेद है–

(A) चित् + तन (B) चिम् + तन

(C) चिन + तन (D) चिन् + तन

**39.** 'अभिव्यक्ति' सामासिक पद में समास निहित है–

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

**40.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द हे :

(A) दिमाग (B) मगर

(C) अनायास (D) मुँह

**41.** 'बीमार' शब्द के सही पर्यायवाची हैं–

(A) मनोदशा, रुग्ण, उपशमन

(B) अस्वस्थ, रुग्ण, व्याधिग्रस्त

(C) आधि, व्याधिग्रस्त, आदिग्रस्त

(D) अशक्त, रोगग्रस्त, रोषयुक्त

**42.** निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हे :

(A) कनिष्ट (B) स्पष्ट

(C) गरिष्ट (D) वरिष्ट

**43.** 'अपने विचारों को प्रकट करने के लिए जिस माध्यम का सहारा लेते हैं' – उसे कहते हैं–

(A) ध्वनि–समय (B) वर्णमाला

(C) भाषा (D) भावानुकूलित

**44.** निम्नलिखित में से एकार्थी शब्द नहीं है :

(A) सात (B) स्वभाव

(C) सादात (D) सामन

**45.** 'बीमारी के समय हमारे मुँह से 'हे राम' की ध्वनि या दु:ख की अवस्था में कई बार 'ओ ! माँ' निकल पड़ता हे।

रेखांकित शब्द है—

(A) जातिवाचक संज्ञा (B) अव्यय

(C) पदार्थवाचक संज्ञा (D) व्यक्तिवाचक

**46.** 'सावन' शब्द का हिन्दी शुद्ध रूप है—

(A) श्रवण (B) शावन

(C) चावन (D) श्रावण

**47.** 'तुम दौड़कर चलते हो।' रेखांकित पदबंध का उदाहरण है—

(A) विशेषण (B) क्रिया–विशेषण

(C) संज्ञा (D) सर्वनाम

**48.** 'कलकत्ते की राजधानी बताओ।' इस वाक्य में प्रयुक्त चिह्न को क्या कहते हैं ?

(A) आश्चर्य चिह्न (B) निर्देशक

(C) प्रश्न चिह्न (D) पूर्णविराम

**49.** 'ठीक न्याय करना' अर्थ प्रकट करने वाला मुहावरा है—

(A) दौड़ धूप करना।

(B) दूध का दूध पानी का पानी करना।

(C) दिन में तारे दिखाई देना।

(D) दो टूक जवाब देना।

**50.** 'घरेलू शत्रु प्रबल होता है।' का अर्थ अभिव्यंजित करने वाली उचित लोकोक्ति है—

(A) घर का भेदी लंका ढाहे।

(B) कंगाली में आटा गीला।

(C) एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है।

(D) एक अनार सौ बीमार।

**51.** निम्न में से मातृभाषा, राष्ट्रीय जागरण और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को जिस शिक्षण विधि से बल मिला है :

(A) डाल्टन योजना

(B) बेसिक शिक्षा

(C) किण्डर गार्टन विधि

(D) प्रोजेक्ट पद्धति

**52.** निम्नलिखित में से मातृभाषा हिंदी शिक्षण की समस्या है—

(A) देवनागरी लिपि की अवैज्ञानिकता

(B) वर्णों की अधिकता

(C) बारहखड़ी का अभाव

(D) हिंदी संस्कृत भाषा की वंशज नहीं है।

**53.** निम्न में से भाषा शिक्षण पद्धति में सर्वोपरि स्थान है :

(A) दैनंदिनी (B) पाठ्य–पुस्तक

(C) ग्रीन बोर्ड (D) झाड़न

**54.** विद्यार्थी सही ढंग से लिखें और उसके लेखन कौशल में निरन्तर विकास हेतु आवश्यक है—

(A) अध्यापक विद्यार्थी लिपि, शब्द और वाक्य रचना की अशुद्धियों को दूर करते रहें।

(B) अच्छा लेखन करने पर असीमित प्रशंसा की जाए।

(C) विद्यार्थी के साथ सहानुभूति व्यवहार नहीं किया जाए।

(D) कक्षा में उचित फर्नीचर व्यवस्था की उपेक्षा की जाए।

**55.** विद्यार्थी में पठन कौशल विकसित करने हेतु उचित उपाय हैं —

(A) पुस्तकालय से संदर्भित पुस्तक लेने, पढ़ने और अधिगम आवश्यक सामग्री खोज का अवसर दिया जाए।

(B) अध्यापक द्वारा अभिप्रेरणा का ध्यान नहीं दिया जाए।

(C) विद्यार्थी अशुद्धि शब्द उच्चारण की उपेक्षा की जाए।

(D) अध्यापक द्वारा प्रेमपूर्वक व्यवहार नहीं किया जाए।

**56.** भाषा शिक्षण के द्वारा विद्यार्थियों के भाषायी ज्ञान एवं कौशल तथा उनकी रुचियों एवं अभिवृत्तियों में कितना विकास हुआ हैं, इसकी सापेक्षित जानकारी प्राप्त करने हेतु कौन-से दो कार्य करने होते हैं ?

(A) आवृत्ति–पुनरावृत्ति

(B) स्थान परिवर्तन–चिकित्सा

(C) अस्पष्टता–निवारण

(D) मापन और मापन द्वारा प्राप्त मापों की व्याख्या

**57.** प्राथमिक स्तर के पश्चात् पद्य और कविताओं का चयन करते समय ध्यान रखना चाहिए—

(A) कविता की भाषा क्लिष्ट होनी चाहिए।

(B) कविता जीवन से दूर कृत्रिम हो।

(C) कविता की भाषा कक्षा स्तर के अनुकूल हो।

(D) कविता कल्पना जगत में विचरण नहीं करती है।

**58.** निम्नलिखित में से एक विशेष प्रकार का भाषा शिक्षण साधन है, जिसका वर्तमान में विद्यालय शिक्षण में सर्वाधिक प्रयोग करने हेतु बल दिया जा रहा है :

(A) रेडियो

(B) टेलीविजन

(C) ओवर हैड प्रोजेक्टर

(D) टेपरिकॉर्डर

**59.** भाषा शिक्षण के क्षेत्र में मापन की सर्वाधिक प्रयोग में ली जाने वाली विधि का नाम है—

(A) निदानात्मक (B) परीक्षा विधि

(C) योग्यता परीक्षा (D) भावनात्मक

**60.** 'यदि विद्यार्थी कुसमायोजन से बच रहे हों, पढ़ने की ओर उनकी रुचि वृद्धि हो रही हो, उनके व्यवहार में यथा परिवर्तन हो रहा है, तो निम्नलिखित शिक्षण कारगर समझना चाहिए :

(A) क्रियात्मक अनुसंधान।

(B) उपचारात्मक शिक्षण।

(C) इकाई पाठ योजना का अभाव।

(D) विद्यालय निर्माण समिति।

## भाग–III

## हिंदी भाषा–II

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 70 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

''जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में अपनी बुद्धि से काम लेता है और परिश्रम, ईमानदारी तथा विवेक से काम करता है। वह सभी का सम्मान करता है और बड़ों के प्रति अप्रिय शब्द नहीं बोलता। सभी से नम्रता और उदारता का व्यवहार करता है। यही सुमति के गुण हैं। जहाँ सुमति नहीं रहती वहाँ भय, अहंकार, क्रोध और अधीरता के दुर्गुणों का साम्राज्य रहता है। सुमति के न रहने से ही तो कुमति आती है। सुमतिहीन लोगों से संपत्ति भी सदैव दूर रहती है, और उनका कोई आदर और सम्मान भी नहीं करता। इसी कारण ऐसे लोग विपत्तियों तथा कष्टों से घिरे रहते हैं।

इसलिए गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के सुंदरकांड में कहा है—

जहाँ सुमति तहँ संपति नाना।
जहाँ कुमति तहँ बिपति निदाना।।''

**61.** उच्चारण स्थान के आधार पर (प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ) स्वरयुक्त व्यंजन कहलाते हैं—

(A) तालव्य (B) ओष्ठ्य

(C) कण्ठ्य (D) दन्त्य

**62.** 'काम' शब्द का तत्सम रूप है—

(A) क्रम (B) कम

(C) कर्म (D) काज

**63.** 'उदार–उद्धार' युग्म का सही अर्थ है—

(A) तटस्थ–वीतराग (B) दार्शनिक–निष्पक्ष

(C) मुक्तहृदय–त्राण (D) मोक्ष–बचाव

**64.** निम्नलिखित में 'अ' उपसर्ग के उदाहरण हैं :

(A) अप्रिय, अधीर। (B) अवगम्, अवगम।

(C) अनुज, अनुग्रह। (D) अनुरूप, अवतार।

**65.** 'जीवन' शब्द में प्रत्यय है—

(A) वन (B) अत्
(C) अन (D) न

**66.** 'व्यवहार' शब्द में निहित समास का नाम है—

(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व
(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

**67.** 'संपत्ति' शब्द संधि का उदाहरण है—

(A) यण संधि (B) अयादि संधि
(C) विसर्ग संधि (D) व्यंजन संधि

**68.** निम्नलिखित में से शब्दकोश क्रम से सही है :

(A) सफल, कठिन, काम।
(B) सभी, सुमति, अहंकार।
(C) ईमानदारी, नम्रता, विपत्ति।
(D) आदर, उदारता, अप्रिय।

**69.** निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से मानक स्वरूप हैं—

(A) सुमती (B) दंभ
(C) सदेव (D) अधिर

**70.** निम्नलिखित में से निश्चित परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण है—

(A) नवजीत ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
(B) मुझे पाँच किलोग्राम गुड़ चाहिए।
(C) कोई सज्जन घर आए हैं।
(D) स्वास्थ्य के लिए कश्मीरी सेब लाभदायक है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 75 तक)**

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए:

''हिमालय के आँगन में, उसे प्रथम किरणों का दे उपहार। उषा ने हँस अभिनंदन किया और पहनाया हीरक हार। जागे हम, लगे जगाने, विश्वलोक में फैला फिर आलोक। व्योम–तम–पुंज हुआ तब नष्ट, अखिल संसृति हो उठी अशोक। विमल वाणी ने वीणा ली, कमल–कोमल कर में सप्रीत। सप्तस्वर सप्तसिन्धु में उठे, छिड़ा तब मधुर साम संगीत। बचाकर बीज–रूप से सृष्टि, नाव पर झेल प्रलय का शीत।''

**71.** 'उषा ने हँस अभिनन्दन किया।' पंक्ति से अभिप्राय है—

(A) धरती के प्राणों में उन्माद से।
(B) प्रकृति के उषाकालीन रूप सौन्दर्य से।
(C) बसंत के रूप सौन्दर्य से।
(D) ईश्वर की प्रार्थना से।

**72.** निम्नलिखित पंक्ति में 'रूपक अलंकार' प्रयुक्त हुआ है—

(A) हिमालय के आँगन में, उसे प्रथम किरणों का दे उपहार।
(B) जागे हम, लगे जगाने, विश्वलोक में फैला फिर आलोक।
(C) कमल–कोमल कर में सप्रीत।
(D) नाव पर झेल प्रलय का शीत।

**73.** 'बीज–रूप से सृष्टि' पंक्ति में निहित अलंकार का उदाहरण है—

(A) उत्प्रेक्षा (B) उपमा
(C) श्लेष (D) अनुप्रास

**74.** '**<u>विश्वलोक में फैला आलोक</u>**' पंक्ति में रेखांकित शब्द से आशय है—

(A) भारत द्वारा अखिल विश्व में ज्ञान प्रसार से।
(B) श्री कृष्ण द्वारा दिये उपदेश से।
(C) नायिका के रूप सौन्दर्य से।
(D) भारत की अत्यन्त कोमलता से।

**75.** उपर्युक्त काव्यांश में कवि की निम्नलिखित भाव दशा को उद्घाटित किया है—

(A) चिन्ता (B) आशा
(C) लज्जा (D) आनन्द

**76.** '<u>मुझे वहाँ जाना है।</u>' वाक्य में रेखांकित पद का प्रकार है—

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) विशेषण (D) समास

**77.** 'तुल्यता सूचक चिह्न' का सही उदाहरण निम्नलिखित है :

(A) डा. घ.
(B) कविता....बाबू मैथिलीशरण गुप्त
(C) शिक्षित = पढ़ा लिखा
(D) मेवाड़ — राणा उदयसिंह

**78.** 'देव गंगा हिमालय से निकलती है।' वाक्य में प्रयुक्त कारक का नाम है—

(A) संबंध कारक (B) करण कारक
(C) अपादान कारक (D) सम्प्रदाय कारक

**79.** 'स्वयं अपने पास होने पर भी किसी अन्य की वस्तु का उपभोग करना' अर्थ प्रकट करने वाली सही लोकोक्ति है—

(A) अपना हाथ जगन्नाथ
(B) अपनी करनी पार उतरनी।
(C) अपना रख पराया चख।
(D) एक पंथ दो काज।

**80.** 'माथै मूंडणो' राजस्थानी मुहावरे का सही अर्थ निम्नलिखित में से है—

(A) अन्याय सहन करणौ।
(B) बात नी मानणी।
(C) घणौ राजी होवणौ।
(D) 'मूरख बणाय' ठगणौ।

**81.** 'किण्डर गार्डन' जर्मन भाषा का शब्द है, जिसका सही अभिप्राय है—

(A) बच्चों का बाग। (B) खेल का मैदान।
(C) बाग का माली। (D) बच्चों की पाठशाला।

**82.** डाल्टन प्रणाली के आविष्कारक हैं—

(A) वाइगोत्स्की (B) स्किनर
(C) जीन पियाजे (D) पार्कहर्स्ट

**83.** निम्नलिखित में से मौखिक भाषा कौशल का सही उदाहरण है :

(A) अनुलेख
(B) श्रुतलेख
(C) कहानी सुनाना और सुनना
(D) प्रतिलेख

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सा कौशल उच्च प्राथमिक स्तर पर बोलना कौशल विकास के अन्तर्गत आता है ?

(A) कहानी लेखन।
(B) वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता।
(C) समाचार पत्र पढ़ना।
(D) केवल गाना सुनना।

**85.** भाषा की अच्छी पाठ्य–पुस्तक की प्रमुख विशेषता है—

(A) क्लिष्ट भाषा
(B) पाठ में दीर्घ वाक्य रचना।
(C) सरल–सरस शब्दावली।
(D) तत्सम प्रधान भाषा।

**86.** विद्यालय पुस्तकालय में आवश्यक सामग्री ढूँढने में अहम् भूमिका होती है—

(A) लैब मैन्यूअल।
(B) प्रायोगिक पुस्तिका।
(C) सन्दर्भ पाठ्य–पुस्तक
(D) भृत्य।

**87.** निम्नलिखित में से मातृभाषा शिक्षण का साधन नहीं हैं—

(A) चित्र विस्तारक यंत्र।
(B) चित्र दर्शन।
(C) लघु गणक सारिणी।
(D) ग्रामोफोन।

**88.** 'सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन' व्यवस्थित ढंग से किया जाय तो इसका प्रमुख लाभ है—

(A) विद्यार्थी का केवल आतंरिक मूल्यांकन होता है।
(B) विद्यार्थी सत्र पर्यन्त अध्ययनशील रहते हैं।
(C) विद्यार्थी में सत्र पर्यन्त भय बना रहता है।
(D) विद्यार्थी में अस्वाभाविक विकास होता है।

**89.** भाषा प्रश्न–पत्र निर्माण में ध्यातव्य है–

(A) ज्ञानात्मक प्रश्न अधिक हों।

(B) निबंधात्मक प्रश्न अधिक हों।

(C) अभिव्यक्ति बोध प्रश्न अधिक हों।

(D) ज्ञान, अवबोध, अभिव्यक्ति से पूर्ण प्रश्न हों।

**90.** उपचारात्मक शिक्षण का प्रयोग अध्यापक द्वारा क्यों किया जाता है ?

(A) अध्यापक द्वारा पक्षपातपूर्ण व्यवहार हेतु।

(B) अधिगम कठिनाई दूर करने हेतु।

(C) कक्षा में स्पर्धा भावना विकास हेतु।

(D) विद्यार्थी की अधिगम समस्या की जानकारी हेतु।

## भाग–II

## English Language-I

**Direction (Q. No. 31 to 35)**

Read the passage and answer the questions that follow :

Why do people get stressed ? Adolescents are faced with the demands of their developmental task and that of a complex society. They need to acquire skills of adjustment to emerge into adulhood unaffected by these demands. If they lack these skills or if too many demands are made on them. they fail. Students are anxious, as they are worried about whether they would be able to live up to the expectations of their peers, parents and teachers. Optimal anxiety motivates and keeps them ahead while over-anxiety is disabling

Anxiety is contagious and passes onto others students, teachers and parents. Adolescents. when stressed out, tend to perceive everything as an emergency.

**31.** Choose the Synonym for the word 'emergency' :

(A) exogamy (B) exigency

(C) exequy (D) exemplary

**32.** Choose the Antonym for the word 'optimal' :

(A) enamel (B) decimal

(C) unideal (D) imaginable

**33.** Choose the misspelt word :

(A) percepsion (B) motivation

(C) complexion (D) paternal

**34.** Noun for the word 'development' will be:

(A) develop (B) developing

(C) developed (D) development

**35.** Choose one word for 'a disease spread by direct or indirect contact of people or organism :

(A) complexity disease

(B) stress disease

(C) contagious disease

(D) fever disease

**Direction (Q. No. 36 to 40)**

Read the passage and answer the questions that follow :

Education as commonly understood by people means acquiring certain knowledge and skills in order to earn their living. But that is only one purpose of education. You may ask why ? This is because humans are much more than just wage-earning machines. They are endowed with emotions and feelings which enrich their life. These emotions and feelings need to be developed so that they can develop into social beings. able to interact with fellow beings who are also members of that society of which they are a part.

**36.** ........in order to earn their living. Here living is :

(A) a noun (B) an adverb

(C) an adjective (D) a verb

**37.** Choose compound adjective from the phrase 'wage-earning machines'.

(A) wage

(B) earning-machines

(C) machines

(D) wage-earning

**38.** Which of the following phrases has a determiner in it ?

(A) acquiring knowledge

(B) They are endowed

(C) humans are much more than

(D) You may ask why ?

**39.** 'Education as commonly understood by people means acquiring certain knowledge and skills in order to earn their living'.

Which tense is used in the above sentence?

(A) Present indefinite

(B) Past indefinite

(C) Past perfect

(D) Present perfect

**40.** Which of the following has the three degrees of the adjective in their correct from ?

(A) common, more common, most common

(B) common, commoner, commonest

(C) common, commoner, commoniest

(D) common, commoneer, commoniest

**41.** Choose the sentence which is correct in structure :

(A) How does the world tending to become a unity ?

(B) How is the world tending to become a unity ?

(C) How will the world tending to become a unity ?

(D) How did the world tending to become a unity ?

**42.** Choose the correct option to fill the blank in the sentence given below :

The wounded man............by some boys.

(A) were being helped

(B) are being helped

(C) was being helped

(D) will being helped

**43.** He said, 'Be quiet and listen to my words', Choose the correct option to complete indirect speech of the above sentence using phrase given below :

(A) be quiet and listen to his words

(B) to be quiet listen to my words

(C) that be quiet and listen to his words

(D) to be quiet and listen to his words

**44.** Choose the nasal's sounds :

(A) |m, n, n| (B) |1, p, t|

(C) |w, j, z| (D) | θ 0, ʃ |

**45.** Choose the correct phonetic transcription for the word 'Kimberlite' :

(A) |'KIməblΛIt'| (B) |'KImbəlΛIt'|

(C) |'KImbΛrlΛIt'| (D) |ʻKImbələit|

**46.** Grouping and sequence are involved in the principles of.............

(A) Habit formation

(B) Follow the natural way

(C) Controlled vocabulary

(D) Gradation

**47.** The teaching material should be in accordance with the mental age and should have relevance in real life situations. It is main characteristic of :

(A) Principles of Selection

(B) Principles of Habit formation

(C) Principles of Gradation

(D) Principles of controlled vocabulary

**48.** In which method Mother tongue dominates in the teaching of English ?

(A) Direct method

(B) Dr. Michael West's New method

(C) Translation cum Grammar method

(D) Audio-Visual method

**49.** Dr. Michael West's New Method is based on the principle :

(A) Priority of reading, separate provision for readers
(B) Priority of writing speaking
(C) Priority of speaking, writing
(D) Priority of writing, separate provi sion for writers

**50.** Which one of these is not related to the Direct Method of teaching English ?
(A) It is Natural Method also.
(B) It is Mother's Method also.
(C) It was approved and spread by International Phonetic Association of France.
(D) This method consider visual appeal over aural - oral.

**51.** Which type of reading is also known as rapid reading or independent silent reading ?
(A) Extensive reading
(B) Intensive reading
(C) Library reading
(D) Lound reading

**52.** Which one of these is not the method of teaching writing ?
(A) Tracing method
(B) Free imitation method
(C) Intensive writing method
(D) F.G. French's method

**53.** Reproduction technique, Role play and Performance are the main techniques for:
(A) Reading skill
(B) Writing skill
(C) Speaking skill
(D) Listening and understanding skills

**54.** The speaking and listening skills are developed by using :
(A) Flannel Boards
(B) Pictures
(C) Film strips
(D) Record-player

**55.** Language laboratory is a very popular technical innovation. It is derived from :
(A) United Kingdom
(B) America
(C) France
(D) Germany

**56.** Which one of these is not a Quantitative Techniques of Evaluation ?
(A) Oral Techniques
(B) Observation Techniques
(C) Practical Techniques
(D) Written Techniques

**57.** The technique of evaluation that includes certain statements of Yes and No type is:
(A) Check list
(B) Observation techniques
(C) Rating scale
(D) Anecdotal records

**58.** Which one of these is not a function of CCE ?
(A) Children can know their sttrengths and weaknesses.
(B) It provides the child a realistic self-assessment.
(C) It does no help teacher to organise effective teaching strategies.
(D) It helps in identifying changes in attitudes and value systems.

**59.** One of these is a feature of formative assessment :
(A) It is an assessment of learning.
(B) It is a diagnostic and remedial.
(C) It is the most traditional way of evaluating students' work.
(D) It is generally taken by students at the end of a unit.

**60.** Functions of evaluation are :
(A) Diagnosis, motivation
(B) Diagnosis prediction
(C) Motivation, understanding
(D) Teaching, learning

## भाग–III

## English Language-II

**Direction (Q. No. 61 to 65)**

Read the following passage and answer the questions that follow :

Lack of control by parents is also harmful. If parents do not impose any constraints on the adolescents, then they have a tendency to go astray and choose the wrong path, and later become difficult to discipline. Such adolescents feel let down and think that nobody cares for them. Hence some discipline from parents is necessary.

**61.** .............may be an appropriate title for the given extract.
(A) Discipline
(B) Adolescence
(C) Lack of control
(D) Tendency to go astray

**62.** **........** adolescents ______ their friends feel let down and think that nobody cares for them.
(A) Both - and (B) As - as
(C) So - and (D) Though - and

**63.** They have a tendency ----to go astray----to choose the wrong path. (According to the passage)
(A) neither - no
(B) either - or
(C) not only - but also
(D) so - as

**64.** Adolescent as well as his friends......... let down and think that nobody cares for them.
(A) feel (B) feels
(C) is feel (D) will be feel

**65.** If a Guardian............not impose any constraints on the adolescents, then they have a tendency to go astray.
(A) have (B) are
(C) do (D) does

**Direction (Q. No. 66 and 67)**

Read the following stanza and answer the questions

'Give me a flower delicious as the rose
And stately as the lily in her pride' –
But of what colour ?' – 'Rose-red', Love first chose,
Then prayed –'No, lily – white – or, 'both provide'.

**66.** Choose the correct rhyme scheme in the above stanza :
(A) a a b b (B) a b a b
(C) a b b a (D) a b c d

**67.** 'Give me a flower delicious as the rose..........' which figure of speech is used in this line ?
(A) Metaphor (B) Assonance
(C) Epithet (D) Simile

**68.** Choose the correct modal auxiliary to fill the blank :
You ...........improve your spelling. (necessity/obligation)
(A) should (B) must
(C) can (D) might

**69.** Choose the bilabial consonants ?
(A) | p b | (B) | t d |
(C) | t f | (D) | k g |

**70.** Which is lateral consonant ?
(A) | m | (B) | 1 |
(C) | n | (D) | w |

**71.** The symbol of underlined letters in the word 'Ship' is :
(A) Sh (B) S
(C) ʃ (D) θ

**72.** Phonetic transcription for the word 'jute' is :

(A) | ðæt | (B) | dʒu:t |

(C) | ju:t | (D) | zu:t |

**73.** Phonetic transcription for the word 'wreathe' is :

(A) | ri:ð | (B) | eri:th |

(C) | wiːð | (D) | reΘth |

**74.** "Important principles may and must be flexible." Who quoted this ?

(A) Woods (B) Lincon

(C) William Weak (D) Whitestone

**75.** Natural order of learning a language is :

(A) speaking, listening, writing and reading

(B) listening, writing, speaking and reading.

(C) listening, speaking, reading and writing.

(D) speaking, listening, reading and writing.

**76.** Continuous evaluation is basically :

(A) formative in nature and is school based.

(B) summative in nature and is school based.

(C) formative in nature and teacher based.

(D) summative in nature and teacher based.

**77.** Which one of these is not a merit of Group Evalation ?

(A) Different learning styles cannot be evaluated.

(B) Students learn in cooperative manner as they help one another in a group.

(C) A healthy competition in a group motivates them to learn.

(D) None

**78.** Summative evaluations :

(A) Provide the information on improving a product or a process.

(B) Provide information of short term effectiveness or long term impact for deciding the adoption of a product or process.

(C) Provide information about teachers and what they teach in the classes.

(D) None

**79.** Which one of these is not an element of communicative approach ?

(A) Communicative approach is practical in use.

(B) It develops the speech ability.

(C) It is not practical in use.

(D) It lays stress on the functional value of the language.

**80.** Which is the latest application of teaching language ?

(A) Structural approach

(B) Communicative approach

(C) Project approach

(D) Inductive – Deductive aproach

**81.** Choose one of these which is not a remedy to resolve the challenges of teaching English :

(A) Provide certified and qualified teachers.

(B) Building Rapport

(C) Building Confidence

(D) Use only one method of teaching.

**82.** Which one of these is not an advantage of online remedial education ?

(A) Gives a sense of isolation to the learner.

(B) Elimination of barriers of time and space.

(C) It is cost-effective.

(D) The instruction pace is flexible.

**83.** Which one of these is a disadvantage of online remedial education ?

(A) It is easy for the student to navigate information.

(B) No technical support from the instructor.

(C) A well designed online course makes it easy.

(D) None.

**84.** Richard was a lion in the fight.

Which literary device is used in the above line ?

(A) Simile (B) Metaphor

(C) Personification (D) Alliteration

**85.** Choose the correct figure of speech in the lines given below :

Pride goeth forth on horseback, grand and gay,

But cometh back on foot, and begs its way.

(A) Personification (B) Simile

(C) Metaphor (D) None

**86.** "Betty Botter bought some butter.........."

Which figure of speech used in the above line ?

(A) Simile (B) Personification

(C) Alliteration (D) Metaphor

**87.** A poem that has 14 lines, each usually containing 10 syllables, and a fixed pattern of rhyme is known as :

(A) An Elegy (B) Limerick

(C) Ode (D) Sonnet

**88.** Which one of these does not belong to an elegy ?

(A) a sad poem

(B) mourning poem

(C) emotional poem

(D) a joyful poem

**89.** What's the good of entering into negotiations with 'a man of straw' ? Here 'a man of straw' means :

(A) a man of no substance or consequence.

(B) a man who is made of straw.

(C) a man who is light in weight.

(D) a man who strays here and there.

**90.** On the approach of a policeman the bully 'showed a clean pair of heels'. Here Showed a clean pair of heels means :

(A) ready to clarify

(B) he showed his shoes

(C) ran away

(D) walked away

## भाग–II

## संस्कृत भाषा–I

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक )**

निम्नलिखित् अपठितं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्नाः समाधेयाः

अस्माकं भारतं विभिन्न–भाषा–जाति–धर्म–सम्प्रदायानां च राष्ट्रम् अस्ति। एतस्य एकतायै सर्वेषु जनेषु सुमतिः परमावश्यकी अस्ति। मत्योः विभिन्नता एवं विवादस्य कारणं भवति। यदा सर्वेषां भारतीयानां मतयः समानाः भविष्यन्ति तदा विवादस्य स्थाने संवादो भविष्यति। संवादेन सर्वासां समस्यानां समाधानं भवितुं शक्नोति। भारतस्य धर्मनिरपेक्षस्वरूप संरक्षणार्थं सर्वेषु सुमतिः अनिवार्य अस्ति।

**31.** उपर्युक्त–गद्यांशे 'राष्ट्रम्' इति पदे का विभक्तिः?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) षष्ठी (D) सप्तमी

**32.** 'सुमतिः' इति पदे कः समासः ?

(A) बहुव्रीहिः (B) द्वन्द्वः

(C) तत्पुरुषः (D) अव्ययीभावः

**33.** 'सर्वेषां भारतीयनाम्' इत्यत्र रेखाङ्कितं पदम् अस्ति–

(A) विशेष्यम् (B) विशेषणम्

(C) समासान्तम् (D) विशेष्यविशेषणम्

34. 'विभिन्नता' इति पदे कः प्रत्ययः ?
(A) टा (B) तल्
(C) ता (D) तृच्

35. 'संवादेन सर्वासां समस्यानां समाधानं भवितुं शक्नोति' अत्र रेखाङ्कित पदे किं कारकम् ?
(A) कर्तृकारकम् (B) कर्मकारकम्
(C) सम्प्रदानकारकम् (D) करणकारकम्

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक)**

निम्नलिखित अपठितं गद्यांशम् आधृत्य प्रश्नाः समाधेयाः–

जयपुरनगरं राजस्थानप्रान्तस्य राजधानी अस्ति। अस्य नगरस्य निर्माणं महाराजः जयसिंहः अकरोत्। अस्य नगरस्यैश्वर्यं निर्माणकौशलं सौन्दर्यञ्च विलोक्त वैदेशिकाः अपि चकिताः भवन्ति। इदं नगरं भारतस्य पेरिस–नाम्ना प्रसिद्धम्।

36. 'जयपुरनगरम्' इत्यस्मिन् पदे लिङ्गमस्ति–
(A) पुल्लिङ्गम् (B) स्त्रीलिङ्गम्
(C) नपुंसकलिङ्गम् (D) नामलिङ्गम्

37. 'अकरोत्' इत्यत्र को लकारः ?
(A) लृट् लकारः (B) लोट् लकारः
(C) लङ् लकारः (D) लिङ् लकारः

38. 'राजधानी' इति पदे कः विग्रहः ?
(A) राजानां धानी (B) राजा एवं धानी
(C) राजस्य धानी (D) राज्ञां धानी

39. 'नगरस्यैश्वर्यम्' इति पदस्य सन्धि–विच्छेदः कः ?
(A) नगरस्य + एश्वर्यम्
(B) नगरस्य + ईश्वर्यम्
(C) नगरस्या + ऐश्वर्यम्
(D) नगरस्य + ऐश्वर्यम्

40. 'इदं नगरं भारतस्य पेरिसनाम्ना प्रसिद्धम्' इति वाक्ये विशेषणपदं किम् ?
(A) नगरम्
(B) इदं प्रसिद्ध इत्युभयम्
(C) इदं नगरम्
(D) भारतस्य

41. 'पठति' इति पदं लृटि परिवर्तयत—
(A) पठेत् (B) पठिष्यन्ति
(C) पठतु (D) पठिष्यति

42. 'ए' कारस्य उच्चारणस्थानं किम् ?
(A) कण्ठः (B) कण्ठोष्ठम्
(C) कण्ठतालु (D) तालु

43. '78' इति संख्या संस्कृतेन लिखन्तु—
(A) अष्ठसप्ततिः
(B) अष्टासप्ततिः
(C) अष्टसप्ततिः, अष्टासप्ततिः
(D) सप्त-अष्ट-सप्ततिः

44. माहेश्वरसूत्रेषु को वर्णः द्विरुक्तः ?
(A) ण (B) ल
(C) च (D) ह

45. 'सः गीतां पठति' इत्यस्य वाच्यपरिवर्तनं कुरुत।
(A) तेन गीताम् पठ्यते।
(B) तेन गीता पाठ्येते।
(C) तेन गीता पठ्यन्ते।
(D) तेन गीता पठ्यते।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 एवं 47 के लिए)**

संस्कृतेन अनुवादं कुरुत।

46. 'जल के बिना जीवन नहीं है।'
(A) जलं विना जीवनं नास्ति।
(B) जलेन विना जीवनं नास्ति।
(C) जलाद् विना जीवनं नास्ति
(D) जलं, जलेन, जलाद्वा बिना जीवन नास्ति

47. 'उसने प्राण त्यागे'
(A) सः प्राणम् अत्यजत।
(B) सः प्राणान् अत्यजत्।
(C) तेन प्राणान् अत्यजन्।
(D) तेन प्राणः त्यकः।

48. ''सरस्वती श्वेतवस्त्रैः आवृता वर्तते'' इत्यत्र रेखाङ्कितपदमश्रित्य प्रश्ननिर्माणं कुरुत।
(A) सरस्वती कुत्र आवृता वर्तते ?
(B) सरस्वती केन आवृता ?
(C) सरस्वती कैः आवृता वर्तते ?
(D) सरस्वती किम् आवृता वर्तते ?

49. 'मया त्रीणि पुस्तकानि पठितम्' इति वाक्यं संशोधयत।
(A) मया त्रीणि पुस्तकानि पठितवान्।
(B) अहं त्रीणि पुस्तकानि पठितानि।
(C) मया त्रीणि पुस्तकानि पठितानि।
(D) मया त्रीणि पुस्तकं पठितानि।

50. लिखित–परीक्षायै प्रश्नानां प्रकाराः सन्ति।
(A) त्रयः (B) चत्वारः
(C) पञ्च (D) षट्

51. 'पिबन्ति ________ स्वयमेव नाम्भः' समुचितपदेन सूक्तिं पूरयत–
(A) नद्याः (B) नद्या
(C) नदी (D) नद्यः

52. संस्कृतशिक्षणस्य मनोवैज्ञानिकोऽयं सिद्धान्त अस्ति—
(A) मौखिक-कार्यस्य सिद्धान्तः
(B) चयन-विभाजनयोः सिद्धान्तः
(C) रुचेः सिद्धान्तः
(D) वैयक्तिक-भिन्नतायाः सिद्धान्तः

53. संस्कृतशिक्षणस्य प्राचीनतमोऽयं विधिः—
(A) पारायणविधिः (B) पाठशालाविधिः
(C) प्रश्नोत्तरविधिः (D) आगमनविधिः

54. संस्कृत–भाषा–शिक्षणाय सर्वोत्तमोऽयं विधिः–
(A) निर्बाधविधिः
(B) व्याख्याविधिः
(C) व्याकरणनुवादिधिः
(D) विश्लेषणात्मकविधिः

55. विचाराभिव्यक्तेः साधनमस्ति—
(A) श्रवणम् (B) पद्यम्
(C) पठनम् (D) भाषा

56. चतुर्षु कौशलेषु द्वितीयम् अस्ति—
(A) पठनम् (B) भाषणम्
(C) श्रवणम् (D) लेखनम्

57. शलाका–परीक्षा उपयुक्ता वर्तते–
(A) सर्वेभ्यः छात्रेभ्यः
(B) मेधावि–छात्रेभ्यः
(C) मन्दबुद्धि छात्रेभ्यः
(D) समस्याग्रस्त छात्रेभ्यः

58. संस्कृताध्यापनस्य अधिगमसाधनानि मुख्यतः कतिभागेषु विभक्तानि ?
(A) द्वयोः (B) त्रिषु
(C) चतुर्षु (D) पञ्चसु

59. शिक्षकस्य शिक्षणस्य आधारभूतानि भवन्ति–
(A) श्रव्यसाधनानि
(B) दृश्यसाधनानि
(C) दृश्य-श्रव्य-साधनानि
(D) पाठ्यपुस्तकानि

60. उपचारात्मक शिक्षाणोद्देश्यं नास्ति–
(A) छात्राणां वैयक्तिक–काठिन्यनिवारणम्
(B) समयस्य लाभः
(C) विषयं प्रति रुच्युत्पादनम्
(D) अध्यापकेषु प्रतिस्पर्धायाः उत्पादनम्

## भाग–III

## संस्कृत भाषा–II

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65 तक)**

निम्नलिखितं अपठितं गद्यांशम् आधारीकृत्य प्रश्नाः समाधेयाः–

अस्मिन् विशालदेशे विदेशेषु च स्वतन्त्रतादिवसः महता उल्लासेन समायोज्यते। मुख्यसमारोहः दिल्लीनगरस्य रक्तदुर्गप्राङ्गणे भवति। अस्मिन् उत्सवे देशविदेशस्य गणमान्याः राजनयिकाः सम्मिलिताः भवन्ति। प्रधानमंत्री ध्वजारोहणं करोति। जनेभ्यः उद्बोधनश्च प्रयच्छति। सैनिकाः छात्रछात्राश्च पंक्तिबद्धाः पदसञ्चलनं कुर्वन्ति। राष्ट्रध्वजं प्रणमन्ति। राष्ट्गीतं गायन्ति।

61. 'महता' इत्यत्र का विभक्तिः ?
(A) चतुर्थी (B) तृतीया
(C) प्रथमा (D) पंचमी

62. ''ध्वजारोहणम्'' इत्यत्र कः सन्धिः ?
(A) यण्–सन्धिः (B) दीर्घसन्धिः
(C) अयादिसन्धिः (D) गुणसन्धिः

**63.** ''राष्ट्रगीतम्'' इत्यत्र कः समासः ?
(A) कर्मधारयः (B) अव्ययीभावः
(C) तत्पुरुषः (D) द्वन्द्वः

**64.** ''प्रणमन्ति'' इत्यत्र कः लकारः ?
(A) लट्–लकारः (B) लङ्–लकारः
(C) लृट्–लकारः (D) लोट्–लकारः

**65.** गणमान्याः राजनयिकाः सम्मिलिताः भवन्ति।
अस्मिन् वाक्ये विशेष्यपदम् अस्ति।
(A) गणमान्याः (B) सम्मिलिताः
(C) भवन्ति (D) राजनयिकाः

**निर्देश (प्रश्न संख्या 66 से 70 तक)**

निम्नलिखितं अपठितं श्लोकमाधारीकृत्य प्रश्नाः समाधेयाः–

अत्रैव कोकिलविनिन्दितमनोज्ञकण्ठी,
श्री कुम्भकर्णनृपतेस्तनया रमापि।
उत्सन्नतामुपगतां स्वपितुः प्रवृत्ताम्
सङ्गीतशास्त्रसरणिं पुनरुद्दधार।।

**66.** ''अत्रैव'' इत्यत्र कः सन्धिः ?
(A) दीर्घसन्धिः (B) वृद्धिसन्धिः
(C) यणसन्धिः (D) गुणसन्धिः

**67.** ''सङ्गीतशास्त्रसरणिम्'' इत्यत्र समासः वर्तते–
(A) तत्पुरुषः (B) बहुव्रीहिः
(C) अव्ययीभावः (D) द्वन्द्वः

**68.** ''उपगताम्'' इत्यत्र कः प्रत्ययः ?
(A) क्तवतु (B) यत्
(C) क्त (D) तृच्

**69.** ''अत्रैव कोकिलविनिन्दितमनोज्ञकण्ठी'' अस्मिन् श्लोकांशे कोऽलङ्कारः ?
(A) उपमालङ्कारः (B) विभावनालंकारः
(C) श्लेषालङ्कारः (D) व्यतिरेकालङ्कारः

**70.** उपर्युक्ते श्लोके किं छन्दः ?
(A) उपजातिः (B) वसन्ततिलका
(C) मालिनी (D) वंशस्थम्

**71.** ''ए'' कारस्य उच्चारणस्थानम् अस्ति–
(A) कण्ठ–तालु (B) कण्ठोष्ठम्
(C) दन्तोष्ठम् (D) ओष्ठौ

**72.** 'ष' कारस्य उच्चारणस्थानं विद्यते–
(A) नासिका (B) तालु
(C) मूर्धा (D) कण्ठः

**73.** "54" इत्येषा संख्या संस्कृते का ?
(A) चतुः पञ्चाशत् (B) चतुर्पञ्चाशत्
(C) चतुस्पञ्चाशत् (D) चत्वारः पञ्चाशत्

**74.** प्रातः (6 : 45) वादने सूर्योदयः भवति–अस्मिन् वाक्ये रेखाङ्कितं समयम अक्षरैः लिखन्तु–
(A) सार्ध–सप्तवादने (B) सपाद–सप्तवादने
(C) पादोन–सप्तवादने (D) पादोन–षड्वादने

**75.** माहेश्वरसूत्रेषु ह्रस्वस्वराः सन्ति–
(A) सप्त (B) चत्वारः
(C) त्रयः (D) पञ्च

**76.** ''वृक्षे फलाति सन्ति'' वाक्यमिदं भाववाच्ये भवन्ति–
(A) वृक्षे फलैः भूयते।
(B) वृक्षेण फलैः भूयन्ते।
(C) वृक्षेण फलेन भूयते।
(D) वृक्षे फलानि भूयेन्ते।

**77.** वाक्यं संशोधयत–
नृपात् वसुधां याचते।
(A) नृपस्य वसुधा याचते।
(B) नृपाय वसुधां याच्यते।
(C) नृपेण वसुधां याचते।
(D) नृपं वसुधां याचते।

**78.** संस्कृतेन अनुवादं कुरुत–
"उस गुरु से विद्या पढ़ता है।"
(A) तेन गुरुणा विद्यां पठति।
(B) तस्मात् गुरोः विद्यां पठति।
(C) तस्य गुरोः विद्यां पठति।
(D) तस्मिन् गुरौ विद्यां पठ।

**79.** संस्कृतेन अनुवादं कुरुत–
हम गुरु को नमस्कार करेंगे।
(A) वयं गुरुं नंस्यन्ति।
(B) वयं गुरुन् नंस्यन्ति।
(C) वयं गुरुं नंस्यामः।
(D) वयं गुरुवे नंस्यावः।

**80.** रिक्तस्थानं पूरयित्वा सूक्तिं संयोजयत–
"साहसे.................प्रतिवसति।"
(A) रमा (B) श्रीः
(C) माता (D) लक्ष्मीः

**81.** वर्णसमाम्नायपद्धतिः कस्यविधेः अपरं नाम वर्तते–
(A) अक्षरविधेः (B) व्याख्याविधेः
(C) सूत्रविधेः (D) कथाविधेः

**82.** संस्कृतशिक्षणे प्रस्तावना, विषयोपस्थापनम्, तुलना, सामान्यीकरणम्, प्रयोगश्च कस्य विधेः सोपानानि सन्ति ?
(A) पामरविधेः (B) भण्डाकरविधेः
(C) व्याख्याविधेः (D) हरबार्टीयविधेः

**83.** श्लोकानाम्, सूत्राणाम् गद्यांना च कण्ठस्थीकरणोफेरे विधिः बलं ददाति ?
(A) पारायणविधिः (B) वादविवादविधिः
(C) व्याख्याविधिः (D) आगमनविधिः

**84.** रुचिः, नैरन्तर्यम्, वैराग्यम् इत्येते त्रयः विन्दवः कस्मिन् सिद्धान्ते प्रयुज्यन्ते ?
(A) मौखिककार्यस्त सिद्धान्ते
(B) वैयक्तिकभिन्नतायाः सिद्धान्ते
(C) अनुपातसिद्धान्ते
(D) क्रियाशीलतायाः अभ्यासस्य च सिद्धान्ते

**85.** मनोरञ्जनाय, अनुवाचनाय, श्रुत्वा पुनः कथनाय, शब्दानां साधूच्चारणाय च कस्य कौशलस्यावश्यकता भवेत्।
(A) पठनकौशलस्य (B) श्रवणकौशलस्य
(C) लेखनकौशल्स्य (D) भाषणकौशल्स्य

**86.** छात्राणां ज्ञानस्यस्तरः, बुद्धिकौशलम्, कार्यशक्तिश्च कथं निश्चीयते ?
(A) भ्रमणेन (B) परीक्षया
(C) वादविवादेन (D) पाठ्यपुस्तकेन

**87.** संस्कृतभाषाशिक्षणस्य इन्द्रियाणां प्रयोगाधारेण दृश्यासाधनं भवति–
(A) पाठ्यपुस्तकम् (B) सीतावाद्यम्
(C) ग्राहकयन्त्रम् (D) आकाशवाणी

**88.** कस्मिन्नपि कक्षाकक्षे कस्य प्रथमाऽनिवार्यता भवेत्?
(A) वस्त्रस्य (B) आसन्दस्य
(C) श्यामपट्टस्य (D) दण्डस्य

**89.** अष्टाशशताब्द्याः अन्तं यावत् मौखिकपरीक्षाः एव कस्य प्राचीनतमसाधनत्वेन आसन् ?
(A) मूल्याङ्कनस्य (B) पठनस्य
(C) भ्रमणस्य (D) भाषणस्य

**90.** शलाकापरीक्षा छात्रस्य मूल्याङ्कनं करोति–
(A) क्रियाकलापस्य (B) तीव्रबुद्धेः
(C) परिवारस्य (D) स्थूलशरीरस्य

## भाग–IV

## सामाजिक अध्ययन

**91.** थेरीगाथा के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?
I. यह सुत्त पिटक का हिस्सा है।
II. इसमें भिक्षुणियों द्वारा रचित छंदों का संकलन किया गया है।
III. यह विनयपिटक का हिस्सा है।
IV. इसमें महिलाओं के सामाजिक और आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अंतर्दृष्टि मिलती है।
(A) I, II, III (B) I, II, IV
(C) II, III, IV (D) I, III, IV

**92.** वर्धमान महावीर किस वंश से सम्बन्धित थे?
(A) लिच्छवी (B) हर्यक
(C) शाक्य (D) सातवाहन

**93.** सोलह महाजनपदों में मगध प्रथम क्यों था?
(A) खेती की उपज अच्छी होना।
(B) लोहे की खदानें होना।
(C) जंगली हाथी का उपलब्ध होना।
(D) उपर्युक्त सभी।

**94.** लोथल नामक हड़प्पाई स्थल कहाँ स्थित है?
(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) हरियाणा (D) कश्मीर

**95.** मेगस्थनीज ने मौर्य प्रशासन में सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए कितनी उप-समितियों का उल्लेख किया है?
(A) 4 (B) 6
(C) 8 (D) 10

**96.** गुप्तकाल में ब्राह्मणों को जो भूमि दान दी जाती थी, उसे क्या कहते थे?
(A) वेल्लनवगाई (B) शालाभोग
(C) देवदान (D) अग्रहार

**97.** चालुक्यों की राजधानी कौन-सी थी?
(A) मदुरै (B) अमरावती
(C) भरुच (D) ऐहोल

**98.** पोलज, परती, चाचर व बंजर भूमि के प्रकार किस काल से संबंधित हे?
(A) मौर्य (B) गुप्त
(C) सल्तनत (D) मुगल

**99.** बेरीगाज़ा प्राचीन भारत के कौन-से बंदरगाह का यूनानी नाम था?
(A) भरुच (B) अरिकामेडु
(C) पुहार (D) मदुरै

**100.** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की "दरगाह" पर आने वाला पहला सुल्तान कौन था?
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक
(B) इल्तुतमिश
(C) मुहम्मद बिन तुगलक
(D) अलाउद्दीन खिलजी

**101.** अकबर की सुलेख की पसंदीदा शैली कौन-सी थी?
(A) नस्तलिक (B) कुफिक
(C) मंजिल आबादी (D) हेरात

**102.** चोल अभिलेखों में भूमि की विभिन्न कोटियों का उल्लेख मिलता है, उनमें से "वेल्लनवगाई" का संबंध था।
(A) गैर–ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि
(B) ब्राह्मणों को उपहार में दी गई भूमि
(C) किसी विद्यालय के रख-रखाव के लिए भूमि
(D) मंदिर को उपहार में दी गई भूमि

**103.** "द रिलीफ ऑफ लखनऊ" नामक चित्र 1857 के विषय में किसने बनाया?
(A) मार्शल
(B) मिस व्हीलर
(C) थॉमस जोन्स बार्कर
(D) जोसफ

**104.** 'गुलामगिरी' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?
(A) दयानंद सरस्वती (B) स्वामी विवेकानंद
(C) ज्योतिराव फुले (D) राजा राममोहन राय

**105.** भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के पहले जनरल कौन थे?
(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(B) सर जॉन मार्शल
(C) अलेक्जैंडर कनिंघम
(D) विलियम बेंटिंक

**106.** 'परिवार कल्याण' विषय भारत के संविधान की किस अनुसूची में दिया गया है?
(A) 4 (B) 6
(C) 9 (D) 7

**107.** भारत के संविधान में संशोधन करने की शक्ति किसे प्राप्त है?
(A) उच्चतम न्यायालय को
(B) मात्र लोक सभा को
(C) मात्र राज्य सभा को
(D) संसद को

**108.** भारत में 'विधिक सेवा दिवस' कब मनाया जाता है?
(A) 1 जनवरी (B) 10 अगस्त
(C) 9 नवम्बर (D) 10 दिसम्बर

**109.** भारत के संविधान की उद्देशिका में वर्णित शब्दों का सही अनुक्रम बतायें।
(A) बंधुता, समता, स्वतंत्रता, न्याय
(B) समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता
(C) स्वतंत्रता, समता, न्याय, बंधुता
(D) न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता

**110.** भारत में "लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉस्को)" कब लागू हुआ?
(A) 2008 (B) 2010
(C) 2011 (D) 2012

**111.** निम्न में से कौन–सा अनुच्छेद 51 क में दिए मूल कर्त्तव्य में शामिल नहीं है?
(A) करों का भुगतान करें।
(B) देश की रक्षा करें।
(C) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें।
(D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करें।

**112.** किस संविधान संशोधन द्वारा मंत्रिपरिषद् का आकार निर्धारित किया गया?
(A) 81 (B) 91
(C) 101 (D) 102

**113.** "दो राज्यों के मध्य विवाद" उच्चतम न्यायालय के किस क्षेत्राधिकार का हिस्सा है?
(A) मौलिक (B) अपीलीय
(C) सलाहकारी (D) रिट (याचिका)

**114.** 'मूल संरचना का सिद्धांत' न्यायपालिका ने किस वाद में प्रतिपादित किया?
(A) ए. के. गोपालन
(B) केशवानंद भारती
(C) एस. आर. बोम्मई
(D) गोलकनाथ

**115.** निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(A) पृथ्वी को नीला ग्रह भी कहा जाता है।
(B) शुक्र को पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह माना जाता है।
(C) शनि एक आंतरिक ग्रह है।
(D) बुध, सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण 88 दिनों में पूरा करता है।

**116.** जब $0^o$ देशान्तर पर सुबह के 10. 00 बज रहे हैं, तो $15^o$ पूर्वी देशान्तर पर कितना समय होगा?
(A) प्रातः 11.00 (B) रात्रि 11.00
(C) प्रातः 10.15 (D) प्रातः 09.45

**117.** भू-पर्पटी के नीचे वह स्थान जहाँ भूकम्पन आरम्भ होता है, कहलाता है—
(A) उद्गम केन्द्र (B) अधिकेन्द्र
(C) निकास (वेंट) (D) क्रेटर

**118.** भूकम्प और ज्वालामुखी घटित होने का कारण है—
(A) अंतर्जनित बल
(B) बहिर्जनित बल
(C) अंतर्जनित एवं बहिर्जनित बल
(D) सौरमंडल बल

**119.** अगुलहास धारा कौन-से महासागर में प्रवाहित होती है?
(A) आर्कटिक महासागर
(B) अटलांटिक महासागर
(C) प्रशान्त महासागर
(D) हिन्द महासागर

**120.** उत्तर–भारतीय मैदान में बाढ़ निर्मित नये–युवा निक्षेपों को जाना जाता है—
(A) भांगर (B) खादर
(C) भाबर (D) तराई

**121.** 'स्वीप' (SVEEP) संबंधित है—
(A) मतदाता जागरूकता कार्यक्रम
(B) ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम
(C) शहरी स्वच्छता कार्यक्रम
(D) भ्रष्टाचार नियंत्रण कार्यक्रम

**122.** भारत में बहुतायत से पाए जाने वाला वन कौन–सा है?
(A) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(B) उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन
(C) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(D) पर्वतीय वन

**123.** विश्व में सबसे अधिक बिकने वाली कैंसर रोधी औषधि भारत में कौन-से पौधे से प्राप्त होती है?
(A) अर्जुन (B) हिमालयन यव
(C) सर्पगंधा (D) अक्सलवुड

**124.** कौन-सी फसल को "सुनहरा रेशा" के नाम से जाना जाता है?
(A) कपास (B) जूट
(C) सन (D) प्राकृतिक रेशम

**125.** धात्विक खनिज युग्म है—
(A) मैंगनीज–ताँबा
(B) ताँबा–ग्रेफाइट
(C) लोहा–अभ्रक
(D) अभ्रक–डोलोमाइट

**126.** निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(A) जवाहर सागर अभयारण्य कोटा, बूँदी, चित्तौड़गढ़ में है।
(B) केसर बाग वन्यजीव अभयारण्य धौलपुर में है।

(C) अर्द्ध उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों को मानसून वन भी कहते हैं।
(D) "राजस्थान का कल्पवृक्ष" रोहिड़ा है।

**127.** कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?
(A) लूनी – जोजड़ी
(B) बनास – मेनाल
(C) माही – बाणगंगा
(D) चम्बल – पार्वती

**128.** राजस्थान के शुष्क व अर्द्धा-शुष्क क्षेत्रों में "पालर-पानी" शब्द किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(A) नदी जल (B) भूमिगत जल
(C) नहरी जल (D) वर्षा जल

**129.** राजस्थान के कौन-से जिले में भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क स्थापित किया गया है?
(A) जोधपुर (B) जैसलमेर
(C) बाड़मेर (D) बीकानेर

**130.** राजस्थान में 1857 की क्रांति के समय सिरोही रियासत का पॉलिटिकल एजेंट कौन था?
(A) जे.डी. हॉल (B) ईडन
(C) मेजर बर्टन (D) मैक मैसन

**131.** मोतीलाल तेजावत किस गाँव के निवासी थे?
(A) फलासिया (B) सामलिया
(C) कोलियारी (D) मानगढ़

**132.** "हाथल गाँव" का संबंध राजस्थान के एकीकरण में कौन-सी रियासत से जुड़ा है?
(A) किशनगढ़ (B) झालावाड़
(C) प्रतापगढ़ (D) सिरोही

**133.** गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिंक ने किस दुर्ग को दुनिया का दूसरा जिब्राल्टर कहा है?
(A) मेहरानगढ़ (B) नाहरगढ़
(C) सिवाणा (D) तारागढ़

**134.** निम्न को सुमेलित कीजिए।

| | उत्सव | | जिला |
|---|---|---|---|
| (1) | ऊँट उत्सव | (a) | जैसलमेर |
| (2) | मरु उत्सव | (b) | बीकानेर |
| (3) | पतंग उत्सव | (c) | उदयपुर |
| (4) | मेवाड़ उत्सव | (d) | जयपुर |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (B) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (C) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (D) | (a) | (b) | (d) | (c) |

**135.** अजमेर के पास स्थित पुष्कर में "वराह मंदिर" का निर्माण किसने करवाया?
(A) अजयराज (B) अर्णोराज
(C) विग्रहराज चतुर्थ (D) पृथ्वीराज चौहान

**136.** 1987 का सूर्यमल्ल मिश्रण पुरस्कार कन्हैयालाल सेठिया की किस साहित्यिक रचना को दिया गया?
(A) लीलटांस (B) निर्ग्रंथ
(C) धरती धोरा री (D) सबद

**137.** "आदिवासियों का कुंभ" राजस्थान के कौन-से मेले को कहा जाता है?
(A) बेणेश्वर मेला (B) कैला देवी मेला
(C) जीणमाता मेला (D) डिग्गी मेला

**138.** थमण्यो, थेड्यो, आड़, ठुस्सी नामक आभूषण महिलाओं द्वारा कहाँ धारण किये जाते हैं?
(A) सिर में (B) कंठ में
(C) हाथ में (D) कमर पर

**139.** "महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं क्राफ्ट्स" की स्थापना किस राजस्थानी शासक द्वारा करवायी गयी थी?
(A) सवाई जयसिंह (B) सवाई रामसिंह
(C) जगतसिंह (D) जसवंतसिंह

**140.** "वालर नृत्य" किसके द्वारा किया जाता है?
(A) स्त्री द्वारा
(B) पुरुष द्वारा
(C) स्त्री व पुरुष द्वारा
(D) इनमें से कोई नहीं

**141.** "शिक्षा नई पीढ़ी के समाजीकरण के अतिरिक्त कुछ नहीं है।" कथन कहा गया है—
(A) दुर्खीम (B) बोसिंग
(C) अरस्तू (D) टी. पी. नन

**142.** निम्न में से किस उद्देश्य की संप्राप्ति पर विद्यार्थी किसी मानचित्र में अंकित अशुद्धियों को सही कर सकता है?
(A) ज्ञानार्जन
(B) बोध का विकास
(C) ज्ञानोपयोग
(D) क्रियात्मक कौशलों का विकास

**143.** निम्न में से बेन्जामिन ब्लूम के संज्ञानात्मक पक्ष से संबंधित कौनसा शिक्षण उद्देश्य नहीं है?
(A) ज्ञान (B) अधिग्रहण
(C) विश्लेषण (D) मूल्यांकन

**144.** कक्षा–शिक्षण में तुलनात्मक अध्ययन के लिए उपयोगी होता है—
(A) पोस्टर (B) समय–तालिकाएँ
(C) रेखाचित्र (D) ग्राफ

**145.** "मॉडल ऑफ अन्डरस्टैंडिंग लेवल ऑफ टीचिंग" को इस नाम से भी जाना जाता है—
(A) हरबर्ट मॉडल
(B) मॉरिसन मॉडल
(C) आसूबल मॉडल
(D) टर्नर टीचिंग मॉडल

**146.** प्राचीन एवं वर्तमान काल की संस्कृति एवं लोक-जीवन का, छात्र प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त करता है, वह स्थान है—
(A) भ्रमण (B) संग्रहालय
(C) अवलोकन (D) उपरोक्त सभी

**147.** अनुदेशन तकनीक की प्रकृति के अनुसार प्रायोजना विधि संबंधित है—
(A) टी.सी.आई. (अध्यापक नियंत्रित अनुदेशन)
(B) एल.सी.आई. (शिक्षार्थी नियंत्रित अनुदेशन)
(C) टी.एल.सी.आई. (इंटरेक्टिव प्रक्रिया अनुदेशन)
(D) जी.सी.आई. (समूह नियंत्रित अनुदेशन)

**148.** निम्न में से कौन-सा पद प्रायोजना विधि का भाग नहीं है?
(A) परिस्थिति उत्पन्न करना।
(B) प्रायोजना का चुनाव।
(C) सूचना का विश्लेषण।
(D) प्रायोजना का मूल्यांकन।

**149.** मूल्यांकन एवं मापन के संबंध का निर्धारण निम्न में से किस सूत्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है?
(A) मापन = मूल्यांकन + मूल्य निर्धारण
(B) मूल्यांकन = मापन + मूल्य निर्धारण
(C) मापन = मूल्यांकन
(D) मूल्य निर्धारण = मापन + मूल्यांकन

**150.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 में मूल्यांकन को निरन्तर और व्यापक बनाने के अन्तर्गत निम्न सुझाव नहीं दिया गया—
(A) मूल्यांकन लक्ष्य आधारित होना चाहिए।
(B) मूल्यांकन का स्वरूप व्यापक होना चाहिए।
(C) मूल्यांकन निरन्तर किया जाना चाहिए।
(D) प्रश्नपत्र निर्माण में अध्यापकों को गहन प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है।

## व्याख्यात्मक हल

### बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** (A) विकास के लिए प्रत्येक अवस्था समान रूप से महत्वपूर्ण है, यह कथन सही नहीं है। विकास प्रगतिशील, सुव्यवस्थित और पूर्वानुमेय परिवर्तनों का स्वरूप है जो गर्भाधान से शुरू होता है और जीवन भर चलता है। विकास आजीवन होता है, विकास बहुत साथ में होता है, विकास अत्यधिक लचीला है विकास बहुआयामी है। विकास सभी अवस्थाओं में समान नहीं होता है तथा विकास की दर प्रत्येक व्यक्ति में अलग होती है। जैसे—बाल्यावस्था में विकास दर शैशवावस्था की अपेक्षा धीमी होती है। इसी प्रकार किशोरावस्था में बालक व बालिकाओं

में क्रांतिकारी मानसिक, शारीरिक, सामाजिक तथा संवेगात्मक परिवर्तन होते हैं।

**2.** (B) एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक लॉरेंस कोहलबर्ग ने 1969 में 'नैतिक विकास के सिद्धांत' का प्रस्ताव दिया। उन्होंने अपने सिद्धान्त में नैतिक विकास का एक व्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत किया है जिसे 3 स्तरों और 6 अवस्थाओं में वर्गीकृत किया गया है। कोहलबर्ग ने नैतिक विकास सिद्धांत को अवस्था सिद्धांत भी कहा है। इन अवस्थाओं को सार्वभौमिक माना है। सार्वभौमिक का तात्पर्य है कि कोई भी बच्चा हो वह इन अवस्थाओं से होकर अवश्य गुजरता है। नैतिक विकास की अवस्थाएँ एक निश्चित क्रम में आती है। इस क्रम को बदला नहीं जा सकता है।

**3.** (B) जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में अधिग्रहण अवधारणा सम्मिलित नहीं है। जीन पियाजे एक मनोवैज्ञानिक और आनुवंशिक एपिस्टेमोलॉजिस्ट थे। वह सबसे अधिक संज्ञानात्मक विकास के अपने सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध है, जो इस बात पर ध्यान देता है कि बचपन के दौरान बच्चे बौद्धिक रूप से कैसे विकसित होते हैं। पियाजे ने स्कीमा आत्मसात्करण तथा व्यवस्थापन का वर्णन अपने सिद्धांत के अन्तर्गत किया है। उनके अनुसार संज्ञानात्मक विकास की निम्न अवस्थाएँ हैं।

- संवेदी–गामक : (जन्म से 2 वर्ष तक) – (अनुकूलन)
- पूर्व संक्रियात्मक : ( 2 वर्ष से 7 वर्ष तक) – (आत्मसात्करण)।
- मूर्त संक्रियात्मक : ( 7 वर्ष से 11 वर्ष तक) – (समायोजन)।
- औपचारिक संक्रियात्मक : ( 11 + से – किशोरावस्था और वयस्कता) – (संतुलन)।

**4.** (C) सिग्मण्ड फ्रायड द्वारा प्रतिपादित मनोलैंगिक विकास की अवस्था के अंतर्गत ओडिपस कॉम्प्लेक्स अवस्था सम्मिलित नहीं है।फ्रायड के व्यक्तित्व संबंधी विचारों को मनोलैंगिक विकास का सिद्धांत भी कहा जाता है। इसे फ्रायड ने 5 अवस्थाओं में विभाजित किया है, जो इस प्रकार हैं–

**1.** मौखिक अवस्था – जन्म से 1 वर्ष तक
**2.** गुदा अवस्था – 2 से 3 वर्ष
**3.** लैंगिक अवस्था – 4 से 5 वर्ष
**4.** सुषुप्त अवस्था – 6 से 12 वर्ष
**5.** जननी अवस्था – 12 से 20 वर्ष

**5.** (D) बाल विकास में वातावरण की भूमिका आदत निर्माण के द्वारा सबसे सही रूप में प्रतिबिंबित होती है। वातावरण हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वातावरण से ही बालक के विकास की दिशा तय होती है, वातावरण का बच्चों की भावनाओं पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। वातावरण का बालक के बर्ताव, चरित्र, आदत निर्माण पर गहरा असर पड़ता है।

**6.** (C) जींस का जोड़ा तो विशेष गुण-सूत्र पर एक विशिष्ट स्थान अधिग्रहित करता है तथा समान गुण को नियंत्रित करता है एलील कहा जाता है। मनुष्य को द्विगुणित जीवों के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि उनके प्रत्येक आनुवंशिक स्थान पर दो एलील होते हैं, प्रत्येक माता–पिता से एक जीन के एक वैकल्पिक रूप को एलील के रूप में जाना जाता है। व्यक्ति उस जीन के लिए समयुग्मजी होता है यदि दो एलील समान हों। यदि एलील अलग हैं तो व्यक्ति विषमयुग्मजी माना जाएगा।

**7.** (B) थार्नडाइक के सीखने के नियमों के अंतर्गत साहचर्य का नियम सन्निहित नहीं है। थार्नडाइक के सीखने के नियम के अंतर्गत तीन मुख्य नियम तथा पाँच गौण नियम सम्मिलित हैं। ये नियम निम्न हैं–
मुख्य नियम के अंतर्गत तत्परता का नियम, अभ्याय का नियम (इस नियम के दो अंग हैं–उपयोग और अनुपयोग के नियम), प्रभाव या परिणाम का नियम सम्मिलित है। गौण नियम के अंतर्गत बहुप्रतिक्रिया का नियम, अभिवृत्ति या मनोवृत्ति का नियम, आंशिक क्रिया का नियम, आत्मीकरण का नियम, सम्बन्धित परिवर्तन का नियम आदि सम्मिलित हैं।

**8.** (A) वोल्फगैंग कोहलर ने अधिगम से संबंधित अनेक प्रयोगों के आधार पर अंतर्दृष्टि अथवा सूझ के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। इसे सीखने का गेस्टाल्ट सिद्धांत भी कहा जाता है। अंतर्दृष्टि सिद्धांत की व्याख्या कोहलर ने अपनी पुस्तक 'गेस्टाल्ट साइकोलॉजी' 1959 में की है।

**9.** (A) ऐलन के द्वारा सूचित शिक्षण अधिगम विधि प्रस्तुत की गई। एलेन महोदय के अनुसार– ''सूक्ष्म शिक्षण समस्त शिक्षण को लघु क्रियाओं में बाँटना हैं। यह कम समय में अधिक गुणवत्ता प्रदान करने की प्रविधि हैं। सूक्ष्म शिक्षण में समय की अवधि को कम कर के 5 से 10 मिनट तक रखा जाता हैं। इसके द्वारा छात्रों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन किया जाना संभव हैं।

**10.** (C) बुद्धि का त्रितंत्र या त्रिआयामी सिद्धांत 'रॉबर्ट स्टर्नबर्ग' द्वारा प्रस्तावित किया गया है जो एक अमेरिकी मनोवैज्ञानिक है। वह अपने शोध और कार्य के लिए जाने जाते हैं जो हमेशा मानवीय बुद्धिमत्ता और रचनात्मकता पर आधारित होते हैं। इन तीन विशिष्ट प्रकार की बुद्धि को व्यावहारिक, रचनात्मक और विश्लेषणात्मक बुद्धि के रूप में जाना जाता है।

**11.** (B) भाटिया बैटरी परीक्षण बुद्धि का निष्पत्ति परीक्षण है। वर्ष 1953 में प्रोफेसर सी. एम. भाटिया ने एक निष्पादन बुद्धि परीक्षण का निर्माण किया। इसमें पाँच प्रमुख बौद्धिक उप परीक्षण हैं तथा यह भाटिया बैटरी परफॉर्मेंस टेस्ट ऑफ इन्टेलीजेन्स कहलाता है।

**12.** (D) अभिप्रेरणात्मक एवं संवेगात्मक अवस्था कक्षा में सीखने को प्रभावित करने वाला मनोवैज्ञानिक कारक है। अभिप्रेरणा कक्षा में अधिगम को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है जबकि स्वास्थ्य, उम्र एवं जेंडर परिपक्वता का स्तर, विषय वस्तु की अर्थ पूर्णता सीखने को प्रभावित करने वाले मनोवैज्ञानिक कारक नहीं है।

**13.** (D) बाह्य अभिप्रेरणा में अभिप्रेरणा के स्रोत, जैसे पुरस्कार, माता–पिता, शिक्षक, सहपाठी, उपहार, दूसरों द्वारा पसंद, शिक्षकों द्वारा सजा आदि सम्मिलित होते हैं। बाह्य अभिप्रेरणा में, अभिप्रेरणा का स्रोत शिक्षार्थी की आत्मा से नहीं आता है। बाह्य अभिप्रेरणा में कोई कार्य बाहरी पुरस्कार प्राप्त करने या अर्जित करने में सहायक होता है।

**14.** (B) अभिप्रेरणा का तात्पर्य है कि इच्छाएँ, आकाँक्षाएँ, प्रयास या आवश्यकताएँ मनुष्य के व्यवहार को कैसे प्रेरित करती हैं। अभिप्रेरणा एक ऐसा चक्र है, जो व्यक्ति को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है, अभिप्रेरणा चक्र के तीन महत्वपूर्ण घटक आवश्यकताएँ अंतर्नोद तथा प्रोत्साहन हैं।

**15.** (A) व्यक्तित्व के शीलगुण सिद्धांत के अनुसार व्यक्तित्व की संरचना अलग–अलग प्रकार के शीलगुणों से मिलकर बनी होती है। शीलगुण से तात्पर्य मानव के व्यवहार को व्यक्त करने वाली उन संज्ञाओं से है जो व्यवहार के संगत रूप को व्यक्त करती है जैसे–सहयोग, परोपकार, सही बोलना ईमानदारी इत्यादि है। शीलगुण दृष्टिकोण को कैटेल, आइजेन्क और ऑलपोर्ट के कार्य से अधिकतम प्रोत्साहन मिला। अतः स्पष्ट है कि पोल कॉस्टा व रॉबर्ट मेकक्रे व्यक्तित्व के शीलगुण सिद्धान्त से सम्बन्धित नहीं है।

**16.** (A) एम. एम. पी. आई व्यक्तित्व परीक्षण नैदानिक निदान के लिए वैध है। एमएमपी आई एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जो विभिन्न व्यक्तित्व पहलुओं की जाँच करता है। यह

परीक्षा और मानवीकरण के लिए सबसे मान्य और सबसे आम व्यक्तित्व परीक्षण है। यह परीक्षण 500 से अधिक विभिन्न बयानों के साथ एक प्रश्नावली के रूप में आता है। इसे मल्टी–स्टेज व्यक्तित्व परीक्षण के रूप में भी जाना जाता है।

**17.** (D) व्यवसाय चयन में व्यक्तिगत विभिन्नताओं को अभिक्षमता में अंतर द्वारा समझाया जाता है। व्यक्ति के समस्त व्यवहार और विचार, रुचियाँ और अभिवृत्तियाँ तथा वरीयताएँ उसके मनोदैहिक प्रक्रमों के व्यक्तित्व रूपी गत्यात्मक संगठन द्वारा निर्धारित होते हैं। व्यावसायिक चयन और विकास की प्रक्रिया जिसमें व्यावसायिक आत्म संप्रत्यय का विकास भी सम्मिलित है, व्यक्तित्व से पृथक् नहीं किया जा सकता हैं।

**18.** (B) व्यक्तिगत विभिन्नताओं की प्रकृति के लिए अधिगम समानता की अवधारणा सत्य नहीं है, जबकि सामान्य संभाव्यता, विचलनशीलता तथा शील गुणों का अंतरसम्बंध सभी अवध् ाारणाएँ इसके लिए सत्य मानी जाती हैं।

**19.** (B) प्रतिभाशाली बालकों की शिक्षा के लिए उपचारात्मक अध्यापन उपाय प्रासंगिक नहीं है, जबकि पाठ्यक्रम की समृद्धि श्रेणी उन्नति, विशेष कक्षाएँ आदि प्रासंगिक उपाय के अंतर्गत सम्मिलित होंगे। प्रतिभाशाली बालक पाठ्यक्रम को समझने में सामान्य बालकों से कम समय लेते हैं। इस बचे हुए समय में उन्हें किसी और सृजनात्मक कार्य में व्यस्त कर देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर विशिष्ट बालकों के लिए विशेष स्कूल एवं कक्षाओं की भी व्यवस्था करनी पड़ती है। उनके लिए पुस्तकालय में भी उनकी रुचि के अनुकूल व्यवस्था की जानी चाहिए।

**20.** (D) कुसमायोजन का द्वंद्व तत्व विशेष रूप से निर्णय लेने से संबंधित है। एक व्यक्ति जो अपने आप को या अपने विचारों को किसी स्थिति या परिस्थिति के साथ संतुलित या अनुकूलित करने में सक्षम नहीं होता, तनाव की स्थिति में व्यक्ति के मन में एक प्रकार की उथल–पुथल मच जाती है, जिसको दूर करने के लिए वह बाधाओं को दूर करने की कोशिश करता है। वह व्यक्ति कुसमायोजित व्यक्ति कहलाता हैं। इसी प्रकार जब किसी व्यक्ति को अपनी इच्छाओं और अभिरुचियों के प्रतिकूल सामना करना पड़ता है, तो उसके अंदर मानसिक द्वंद्व एवं तनाव की उत्पत्ति होती है।

**21.** (B) समायोजन के लिए एक व्यक्ति के रूप में रक्षात्मक युक्तियों के प्रयोग को मौलिक रूप से सिग्मंड फ्रायड के द्वारा प्रस्तुत किया गया था। फ्राइड ने माना है कि अचेतन रक्षा युक्तियाँ दु:खदायी संवेग, विचार और अंतर्नोद से व्यक्ति की रक्षा करती हैं। जब चिन्ता बहुत अधिक भारी हो जाती है तब अहम व्यक्ति की रक्षा करने के लिए रक्षा युक्तियाँ प्रयोग करता है।

**22.** (C) नैदानिक आकलन, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से सम्बन्धित नहीं है।

**23.** (B) शिक्षा नीति 1986 के संदर्भ में 1988 में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए एक रूपरेखा को विकसित किया गया था। लगभग 12 वर्ष में अंतराल के बाद सन् 2000 में तथा तत्पश्चात् सन् 2005 में स्कूलीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा विकसित की गई। NCF 2005 का मुख्य उद्देश्य जीवन एवं ज्ञान के मध्य की दूरी को कम करना है। इस प्रक्रिया में बच्चों के विद्यालय जीवन को बाहरी जीवन में जोड़ना आवश्यक है।

**24.** (D) क्रियात्मक अनुसंधान का प्रमुख उद्देश्य रूपांतर कारी है। क्रियात्मक अनुसंधान एक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मौलिक समस्याओं का अध्ययन करके नवीन तथ्यों की खोज करना, जीवन सत्य की स्थापना करना तथा नवीन सिद्धांतों का प्रतिपादन करना है। अनुसंधान एक सोद्देश्य प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मानव ज्ञान में वृद्धि की जाती है।

**25.** (C) डिस्लेक्सिया विकृति अधिगम अक्षमता का एक प्रकार है। डिस्लेक्सिया वाले व्यक्ति को सीखने के उचित अवसर मिलने के बावजूद शब्दों को समझने में कठिनाई होती है। ये कठिनाई सीखने के अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक होगी। हल्के से लेकर गंभीर लक्षणों के साथ डिस्लेक्सिया को एक स्पेक्ट्रम डिसआर्डर के रूप में पहचाना जाना चाहिए। डिस्लेक्सिया वाले लोगों को विशेष रूप से ये कठिनाइयाँ होती हैं–स्वर संबंधी जागरूकता, मौखिक स्मृत, मौखिक प्रसंस्करण की गति।

**26.** (D) ट्राईसोमी 21 को डाउन संरक्षण कहा जाता है। यह एक आनुवशिक विकार है, जो क्रोमोसोम 21 की तीसरी प्रतिलिपि के सभी या किसी भी हिस्से की उपस्थिति के कारण होता है। यह आमतौर पर शारीरिक विकास में देरी, विशेषता चेहरे की विशेषताओं और हल्के से मध्यम बौद्धिक विकलांग से सम्बन्धित है।

**27.** (C) अधिगम के समस्या समाधान उपागम का अंतिम चरण निष्पादन का सत्यापन करना है। इस उपागम में, शिक्षक छात्रों के लिए एक समस्यात्मक स्थिति निर्मित करता है, और फिर भयरहित कक्षा–कक्ष के वातावरण में समस्या का अर्थ लगाने, व्याख्या करने और इसे व्यक्त करने में छात्रों की मदद करता है।

समस्या-समाधान विधि में शामिल चरण निम्नलिखित हैं—

- समस्या की पहचान करना और इसकी व्याख्या करना।
- समस्या की कल्पना और इसका विश्लेषण करना।
- परिणामों का पूर्वानुमान और उपसमूह निर्धारित करना। सर्वश्रेष्ठ हल का चयन करना और उसे लागू करना।
- परिणाम/नतीजे का मूल्यांकन।
- निष्कर्ष निकालना।

**28.** (B) उपलब्धि परीक्षण के गुणों में मूल्यांकन सही नहीं है। एक अच्छे उपलब्धि परीक्षण के गुणों के अंतर्गत विश्वसनीयता, वैधता, वस्तुनिष्ठता, व्यापकता, विवेधकारिता, व्यावहारिकता आदि सम्मिलित है उपलब्धि परीक्षण स्कूल से विषय संबंधी अर्जित ज्ञान का परीक्षण है। इस परीक्षण से शिक्षक यह ज्ञात कर सकता है, कि विद्यार्थी ने कितनी उन्नति की है, विद्यार्थी ने किस सीमा तक विषय संबंधी ज्ञान प्राप्त किया है।

**29.** (A) जे. पी. गिलफोर्ड के अनुसार सृजनात्मक बालकों की विशेषता के अंतर्गत चिंतन में सहानुभूति सम्मिलित नहीं है। गिलफोर्ड के अनुसार–''सृजनात्मकता बालकों में प्राय: सामान्य गुण होते हैं, उनमें न केवल मौलिकता का गुण होता है, वरन् उनमें लचीलापन, प्रवाहमयता, प्रेरण एवं संयमता की योग्यता भी पाई जाती है।

**30.** (B) शिक्षण के स्तरों के आधार पर शिक्षण का प्रकार प्रदर्शन स्तर नहीं है। शिक्षण के स्तर, वह आधार है, जिसके माध्यम से छात्रों का बौद्धिक विकास किया जाता है। इसमें छात्रों का क्रमबद्ध तरीके से बौद्धिक विकास किया जाता है। शिक्षण के स्तरों में तीन स्तर सम्मिलित हैं बोध स्तर, स्मृति स्तर तथा चिंतन स्तर।

## हिंदी भाषा–I

**31.** (B) दये गये गद्यांश में सन्निहित शब्द अपेक्षा का अर्थ आकांक्षा, इच्छा, आवश्यकता आदि।

**32.** (C) पंक्ति 'पहले यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी' भूतकाल का उदाहरण है जबकि पूरे के पूरे पेज को भेजना आसान हो गया है। (वर्तमान काल) अंग्रेजी अखबार तो अब कहीं और तैयार होते हैं। वर्तमान काल तथा अंग्रेजी अखबार हिंदू द्वारा पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा (भविष्य काल)।

**33.** (A) 'काफी' शब्द स्त्रीलिंग है, जबकि **काबिल काफूर** तथा **कापुरुष** सभी शब्द पुल्लिंग है।

**34.** (C) रेखांकित वाक्यांश इस तकनीक रेखांकित शब्द का बहुवचन होगा–इन तकनीकों।

**35.** (B) शब्द का हिंदी मानक रूप संभव है। मानक हिंदी से तात्पर्य, खड़ी बोली से विकसित और नागरी लिपि में लिखी जाने वाली उस मानक भाषा से है, जिसे उच्च हिंदी या परिनिष्ठत हिंदी भी कहा जाता है।

**36** (B) दिए गए गद्यांश में सन्निहित **दैनंदिनी** शब्द एक विशेषण रूप है। संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

**37.** (A) '**अनुकूल**' का सही विलोम शब्द है–''प्रतिकूल'' अर्थात् जो हमारे पक्ष में नहीं है। जबकि अन्य विकल्प अनुचित है।

**38.** (B) '**चिंतन**' का संधि विच्छेद है–चिम्+ तन। चिंतन में व्यंजन संधि होती है।

**39.** (B) 'अभिव्यक्ति' सामासिक पद में अव्ययीभाव समास है। जिस समास में पूर्वपद की प्रधानता हो और सामासिक या समास पद अव्यय हो। अव्ययीभाव समास में केवल पूर्वपद ही नहीं, अपतु 'समस्तपद' भी एक अव्यय के समान प्रयुक्त होता है।

**40.** (C) 'अनायास' तत्सम शब्द है। अनायास का अर्थ हे– अकस्मात। संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिंदी भाषा में ज्यों के त्यों ले लिए गए हें, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे–अग्नि, अमूल्य, अज्ञान, कर्पूर।

**41.** (B) '**बीमार**' शब्द के सही पर्यायवाची हें–रुग्ण, अस्वस्थ, व्याधिग्रस्त।

**42.** (B) वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–स्पष्ट जबकि सभी विकल्प अनुचित हैं।

**43.** (C) अपने विचारों को प्रकट करने के लिए हम जिस माध्यम का सहारा लेते हैं उसे भाषा कहते हैं।

**44.** (B) '**स्वभाव**' एकार्थी शब्द नहीं है जबकि सात, सामन तथा सादात एकार्थी शब्द हें।

**45.** (B) रेखांकित शब्द '**ओ**' एक अव्यय है। किसी भी भाषा के वे शब्द अव्यय या अविकारी कहलाते हैं जिनके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक, काल इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता। अव्यय का शाब्दिक अर्थ है–'जो व्यय न हो'।

**46.** (D) सावन शब्द का शुद्ध हिन्दी रूप श्रावण है, जबकि अन्य विकल्प अनुचित है।

**47.** (D) तुम दौड़कर कर चलते हो में रेखांकित पदबंध शब्द 'तुम' सर्वनाम का उदाहरण है।

**48.** (D) दिए गए वाक्य में प्रयुक्त चिह्न '**पूर्ण विराम**' चिह्न है। पूर्ण विराम (।) का प्रयोग प्रश्नसूचक और विस्मयादि सूचक वाक्यों को छोड़कर बाकि सभी प्रकार के वाक्यों के अंत में किया जाता है।
जैसे–श्याम ने खाना खा लिया है।

**49.** (B) 'ठीक न्याय करना' अर्थ प्रकट करने वाला मुहावरा है–'दूध का दूध पानी का पानी करना'।

**50.** (A) 'घरेलू शत्रु प्रबल होता है' का अर्थ व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है–घर का भेदी लंका ढाए है। जबकि कंगाली में आटा गीला होना मुहावरे का अर्थ है–विपत्ति में और विपत्ति आना। एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है का हिंदी में अर्थ है–एक खराब चीज सारी चीजों को खराब कर देती है। एक अनार सौ बीमार मुहावरे का अर्थ है–एक वस्तु के लिए बहुत–से व्यक्तियों द्वारा प्रयत्न करना।

**51.** (B) मातृभाषा, राष्ट्रीय जागरण और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को बेसिक शिक्षा शिक्षण विधि में बल मिला है। बच्चों के भाव प्रकाशन का मातृभाषा एक सर्वश्रेष्ठ साधन है। मातृभाषा से बच्चों का परिचय घर और परिवेश से ही शुरू हो जाता है। इस भाषा में बातचीत करने और चीजों को समझने–समझाने की क्षमता के साथ बच्चे विद्यालय में दाखिल होते हैं।

**52.** (B) वर्णों की अधिकता मातृभाषा हिंदी शिक्षण की समस्या है। हिंदी भाषा शिक्षण में व्याकरण की जटिलता, वर्तनी व लेखन संबंधी त्रुटियों की समस्या, वाचन उच्चारण संबंधी समस्या आदि का भी योगदान है कि बच्चे इसमें रुचि लेने से परहेज करते हैं।

**53.** (B) भाषा शिक्षण पद्धति में सर्वोपरि स्थान पाठ्य-पुस्तक का है क्योंकि किसी भी पाठ्य-पुस्तक का निर्माण छात्रों की रुचि और इनके स्तर को ध्यान में रखकर किया जाता है इसके अतिरिक्त पाठ्य-पुस्तक में भाषाई क्रमबद्धता पायी जाती है, इससे अधिगम सरल और प्रभावी हो जाता है। हिंदी भाषा-शिक्षा के अनेक महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से सर्वोपरि है–भाषा का प्रभावी प्रयोग करना। भाषा प्रयोग को व्यवस्थित ढंग से कार्यान्वयन करने के लिए पाठ्य-पुस्तक एक महत्वपूर्ण संसाधन है। हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक एक भाषा-शिक्षक को यह समझ बनाने में सहायता करती हैं कि वे किस-किस प्रकार की रोचक सामग्री को एकत्र कर उनका उपयोग कर सकते हैं।

**54.** (A) लेखन कौशल में निरंतर विकास हेतु आवश्यक है कि अध्यापक समय-समय पर विद्यार्थी लिपि, शब्द और वाक्य रचना की अशुद्धियों को दूर करते रहें।
इन अशुद्धियों को दूर करने से विद्यार्थी के भाषा विकास में सहयोग मिलता है तथा उसका व्यक्तिगत विकास भी होता है।

**55.** (A) विद्यार्थी में पठन कौशल विकसित करने हेतु उचित उपाय है, कि पुस्तकालय से संदर्भित पुस्तक लेने, पढ़ने और अधिगम आवश्यक सामग्री खोज का अवसर दिया जाए।

**56.** (D) भाषा शिक्षण के द्वारा विद्यार्थियों के भाषायी ज्ञान एवं कौशल तथा उनकी रुचियों एवं अभिवृत्तियों में कितना विकास हुआ है; इसकी सापेक्षिक जानकारी प्राप्त करने हेतु मापन और मापन द्वारा प्राप्त मापो की व्याख्या का कार्य करना अत्यंत उपयोगी है। मापन के अंतर्गत किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के गुणों अथवा विशेषताओं का मात्र वर्णन ही किया जाता है।

**57.** (C) प्राथमिक स्तर के पश्चात् पद्य और कविताओं का चयन करते समय सदैव ध्यान रखना चाहिए कि कविता की भाषा कक्षा स्तर के अनुकूल हो। ऐसा करने से छात्रों को कविता के पठन में रुचि की अनुभूति होगी तथा वे भाषायी ज्ञान को सही आधार पर प्राप्त कर पाएँगे।

**58.** (C) ओवरहैड प्रोजेक्टर शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्तम सम्प्रेषण की विधि है। यह एक श्रव्य दृश्य सामग्री है। इसमें विषय से सम्बन्धित विषय-वस्तु पर विभिन्न ट्रान्सपेरेन्सीज तैयार की जाती हे और इन्हें पर्दे पर या दीवार पर प्रक्षेपित किया जाता है।

**59.** (B) भाषा शिक्षण के क्षेत्र में मापन की सर्वाधिक प्रयोग में ली जाने वाली विधि का नाम परीक्षा विधि है, छात्रों की उपलब्धि से संबंधित प्रमाण ों को इकट्ठा करने की प्रक्रिया को परीक्षा विधि कहा जाता है। इस प्रक्रिया में परीक्षण ों की रचना करना, प्रशासन, परीक्षाओं का संचालन करना, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना तथा छात्रों की उपलब्धि आदि सूचित करना शामिल है।

**60.** (B) उपचारात्मक शिक्षण मूलतः एक उत्तम शिक्षण विधि है, जो छात्रों को अपने मानसिक स्तर के अनुरूप प्रगति करने का अवसर देती है। यह उसे प्रेरणा की आन्तरिक विधियों के द्वारा क्षमता के अनुसार उच्च मापदण्ड तक पहुँचाती है। यह कठिनाइयों के सतर्कतापूर्ण निदान पर आधारित तथा छात्रों की आवश्यकताओं एवं रुचियों के अनुकूल होती है।

## हिंदी भाषा–II

**61.** (B) उच्चारण स्थान के आधार पर (प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ) आदि ओष्ठ्य स्वर व्यंजन कहलाते हैं। जिन व्यंजनों के उच्चारण में दोनों ओष्ठों द्वारा श्वास का अवरोध होता है, ओष्ठ्य व्यंजन कहलाते है।

**62.** (C) काम शब्द का तत्सम रूप कर्म है, जबकि अन्य विकल्प अनुचित है।

**63.** (C) उदार–उद्धार युग्म का सही अर्थ है–मुक्त हृदय – त्राण। उदार–मृदु, नरम्, दानी। उद्धार–उभरना, मुक्त करना।

**64.** (A) उपसर्ग के उदाहरण **अप्रिय** व **अधीर** है।

**65.** (D) जीवन शब्द में 'न' प्रत्यय है। ऐसे शब्दांश जो कि किसी शब्द के अंत में लगकर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देता हैं, उन्हें प्रत्यय कहा जाता हैं। जैसे–त्व, आ, इया, वाला, ना, नी, ता आदि।

**66.** (A) व्यवहार शब्द में अव्ययीभाव समास निहित है। इस समास का पहला पद प्रधान होता है और समस्तपद वाक्य में क्रियाविशेषण का काम करता है।

**67.** (D) 'संपत्ति' शब्द में व्यंजन संधि है। संपत्ति = सम् + पत्ति है। जब किसी व्यंजन का मेल किसी स्वर या व्यंजन से होता हैं तो उस व्यंजन में आने वाला परिवर्तन व्यंजन संधि कहलाता हैं। उदाहरण : शरत् + चंद्र = शरच्चंद्र। उत् + हरण = उद्धरण। अनु + छेद = अनुच्छेद।

**68.** (C) विकल्प (C) में प्रयुक्त शब्दसमूह – ईमानदारी, नम्रता, विपत्ति : शब्दकोश क्रम से सही है।

**69.** (B) वर्तनी की दृष्टि से मानक स्वरूप 'दंभ' है। जबकि अन्य विकल्प अनुचित है।

**70.** (B) विकल्प (B) में प्रयुक्त वाक्य मुझे पाँच किलोग्राम गुड चाहिए, में निश्चय परिमाणवाचक विशेषण क उदाहरण है। जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा अथवा नाप–तोल का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे–दो किलो चीनी, चार किलो तेल, थोड़े फल, एक लीटर दूध, एक तोला सोना, थोड़ा आटा आदि।

**71.** (B) दिए गए पद्यांश में सन्निहित पंक्ति का अभिप्राय यह है, कि उषा की पहली किरण हिमालय के आंगन में अपने दर्शन देती है। यह किरणें हमारे लिए एक उपहार हें यह हमारा नई सुबह के लिए स्वागत करती है।

**72.** (C) विकल्प (C) में प्रयुक्त पंक्ति 'कमल कोमल कर में सप्रीत' में रूपक अलंकार है। जहाँ गुणों की अत्यधिक समानता के कारण उपमेय को उपमान का ही रूप मान लिया जाता है। वहाँ रूपक अलंकार होता है।

**73.** (B) पद्यांश में सन्निहित 'बीज रूप से सृष्टि' पंक्ति में उपमा अलंकार है। जब दो अलग अलग वस्तुओं में उनके रूप, गुण व समान धर्म के कारण समानता दिखाई जाती है वहाँ पर उपमा अलंकार होता है।

**74.** (A) <u>विश्व लोक में फैला आलोक</u> पंक्ति में '<u>आलोक</u>' का आशय है, भारत द्वारा अखिल विश्व में ज्ञान प्रसार से है।

**75.** (D) प्रस्तुत काव्यांश में कवि की <u>आनंद भाव दशा</u> को उद्घाटित किया है। दिए गए काव्यांश में कवि ने हिमालय के सुंदर दृश्य का वर्णन करते हुए अपने '<u>आनंद भाव</u>' को प्रफुल्लित होकर प्रकट किया है।

**76.** (B) वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित शब्द मुझे एक सर्वनाम पद है। जब शब्द वाक्य में प्रयुक्त होते हैं, तब वे स्वतंत्र शब्द न रहकर लिंग, वचन, क्रिया, विशेषण, कारक आदि के नियमों से बध जाते हैं और पद कहे जाते हैं।

**77.** (C) तुल्यता सूचक चिह्न का सही उदाहरण शिक्षित = पढ़ा लिखा है। किन्हीं दो शब्दों या वाक्यांशों के मध्य समता या बराबरी दर्शाने के लिए तुल्यतासूचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जैसे–बद = बुरा, बल = शक्ति, बिना = रहित, फन = गुण।

**78.** (C) दिए गए वाक्य में 'अपादान कारक' है। संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु का दूसरी से अलग होना पाया जाए वह अपादान कारक कहलाता है। इसका विभक्ति–चिह्न 'से' है।

**79.** (C) स्वयं अपने पास होने पर भी किसी अन्य की वस्तु का उपभोग करना अर्थ प्रकट करने वाली सही लोकोक्ति है–अपना रख पराया चख।

**80.** (D) माथौ मूंडणों राजस्थानी मुहावरे का सही अर्थ है–मूरख बणाय 'र ठगणौ' अर्थात मूर्ख बना कर ठगना।

**81.** (A) किण्डर गार्डन जर्मन भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है–बच्चों का बाग अर्थात् जर्मन भाषा में किण्डर गार्डन का शाब्दिक अर्थ है ''बच्चों का बगीचा'' (बालवाड़ी)'। फ्रेडरिक फ्रोबेल को 'किण्डर गार्डन सिस्टम' के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। किण्डर गार्डन की गतिविधियों को इस विचार के आधार पर तैयार किया गया था कि बच्चे खेल के माध्यम से सबसे अच्छी तरह से सीखते हैं। शिक्षक विशेष सामग्री प्रदान करके खेल का मार्गदर्शन करता है, जिसे 'गिफ्ट' के रूप में जाना जाता है। इन उपहारों में यार्न की गेंद, लकड़ी के ब्लॉक, ज्यामितीय आकार और प्राकृतिक वस्तुएँ शामिल थी।

**82.** (D) 'डाल्टन प्रणाली' का आविष्कारक है। उन्होंने 1912 में आठ से 12 वर्ष के बीच की अवस्था वाले बालकों के लिए एक नई शिक्षा योजना बनाई। जिसमें विषय तो वही पढ़ाये जाते है किंतु तरीका, प्रकार और परिणाम अलग होते हैं। इस विधि में कक्षाएँ लुप्त हो जाती है और प्रत्येक कक्षा एक प्रयोगशाला बन जाती है। इन प्रयोगशाला में उन सभी विषयों की सहायक पुस्तकें, चित्र, रेखाचित्र आदि विद्यमान रहते हैं।

**83.** (C) मौखिक भाषा कौशल का सही उदाहरण कहानी सुनाना और सुनना है। मनुष्य जब अपने विचारों को दूसरो के समक्ष रखने के लिए भाषा का बोलकर प्रयोग करता है तो उसे मौखिक अभिव्यक्त कहा जाता है, मौखिक अभिव्यक्ति का एक रूप 'आशु भाषण' भी है। श्रवण भाषण भाषा कौशल के प्रधान कौशल है। जबकि लेखन बस पठन भाषा कौशल के गौण कौशल हैं।

**84.** (B) उच्च प्राथमिक स्तर पर बोलना कौशल विकास के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सम्मिलित है। वाद-विवाद में दो परस्पर विपरीत विचारों के समर्थक अपना-अपना तर्क रखते हैं और दूसरे के कथनों का खण्डन करने का प्रयत्न करते हैं। वाद-विद पद्धति के द्वारा छात्र क्रियाशील बने रहते हैं। छात्रों की निर्णय-शक्ति, कल्पना-शक्ति और तर्क-शक्ति का विकास इस पद्धति द्वारा आसान हो जाता है। वाद-विवाद पद्धति से बच्चों में भाषा कौशल का सही विकास होता है।

**85.** (C) अच्छी पाठ्य-पुस्तक में सरल शब्दों का प्रयोग से हम कुछ भी याद करने में एवं समझने में बहुत आसानी होती हैं। अच्छी विषय-वस्तु का संगठन तार्किक एवं मनोवैज्ञानिक होता है। अच्छी पाठ्य-पुस्तक में व्याख्या स्पष्टीकरण उदाहरणों की मदद से विषय को सरल बताया जाता है। अच्छी पाठ्य–पुस्तक में सरल भाषा शैली का प्रयोग किया जाता है, जिससे कि हम उस भाषा को आसानी से समझ एवं बोल सके।

**86.** (A) विद्यालय पुस्तकालय में आवश्यक सामग्री ढूँढने में लैब मैन्यूअल की अहम भूमिका होती है।

**87.** (C) लघुगणक सारणी मातृभाषा शिक्षण का साधन नहीं है, जबकि चित्र विस्तारक यंत्र चित्र दर्शन तथा ग्रामोफोन सभी मातृभाषा शिक्षण के साधनों के अंतर्गत सन्निहित है। मातृभाषा स्वाभाविक भाषा है।

**88.** (B) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन व्यवस्थित ढंग से किया जाए तो विद्यार्थी सत्र पर्यन्त अध्ययनशील रहते हैं तथा बेहतर परिणाम के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। इससे शैक्षिक एवं गैर–शैक्षिक दोनों पक्षों का मूल्यांकन होता है।

**89.** (D) भाषा प्रश्न–पत्र निर्माण में घ्यातव्य है कि ज्ञान, अवबोध, अभिवयक्ति से पूर्ण विचार मंथन की प्रक्रिया को प्रोप्साहित करने वाले होने चाहिये, भाषा स्पष्ट संक्षिपत व सरल होनी चाहिये।

**90.** (B) उपचारात्मक शिक्षण का प्रयोग अध्यापक द्वारा अधिगम कठिनाई को दूर करने हेतु किया जाता है। उपचारात्मक विधि का उपयोग 'समस्याग्रस्त बच्चों' के लिए किया जाता है, क्योंकि उपचारात्मक विधि का उद्देश्य उन शिक्षार्थियों को अतिरिक्त सहायता देना है, जो किसी भी तथ्य या विषय में शेष कक्षा के पीछे रह जाते हैं।

## English Language-I

**31.** (B) Emergency (आपातकाल, आकस्मिक) का उचित Synonym है—
Exigency – (संकटकाल, अतिआवश्यक, आपदा
Exogamy – बहिर्विवाह, गोत्रान्तर विवाह
Exeguy – अंतिम संस्कार
Exemplary – आदर्श, अनुकरणीय
अतः विकल्प (B) सही है।

**32.** (C) Optimal (सर्वोत्कृष्ट, इष्टतम) का उचित antonym है – Unideal (जो आदर्श न हो)
Enamel – जड़ना, मीनाकारी करना
Decimal – दशांश, दशमलव
Imaginable – कल्पनीय, संभाव्य
अतः विकल्प (C) सही है।

**33.** (A) Percepsion की Spelling गलत है। सही Spelling है—
Perception (अनुभूति, अभिज्ञता)
Motivation (प्रेरणा)
Complexion (रंग, वर्ण)
Paternal (पैतृक)
अतः विकल्प (A) सही है।

**34.** (D) Developmental (adj.) (उन्नतिशील, विकासात्मक का Noun form है—
Development (विकास, तरक्की)
'Develop' verb form है।
अतः विकल्प (D) सही है।

**35.** (C) 'a disease spread by direct or indirect contact of people or organisms' के लिए उचित one - word है— Contagious disease (संक्रामक रोग)
Complexity disease – जटिलता रोग
Stress disease – तनाव रोग
fever disease – बुखार/ज्वर रोग
अतः विकल्प (C) सही है।

**36.** (A) 'living' (जीविका) एक Noun के रूप में प्रयोग हुआ।
अतः विकल्प (A) सही है।

**37.** (D) 'wage–earning machines' में 'machines' Noun है, जिसके लिए Compound adjective 'wage–earning' का प्रयोग हुआ है।
wage – earning – वेतनभोगी
अतः विकल्प (D) सही है।

**38.** (C) 'Humans are much more than' में 'much' एक determiner के रूप में प्रयोग हुआ है।
अन्य वाक्यों में determine नहीं है।
अतः विकल्प (C) सही है।

**39.** (A) दिए गए वाक्य में Present Indefinite Tense का प्रयोग हुआ है, क्योंकि यहाँ general truth का वर्णन है।
अतः विकल्प (A) सही है।

**40.** (A) Common की Comparative और Superlative degree क्रमशः more Common और most Common हैं।
अतः विकल्प (B) सही है।

**41.** (B) सही Sentence structure है— How is the world tending to become a unity ?
यह वाक्य Present continous form में है।
इसलिए is + (verb)ing form का प्रयोग हुआ है।
अतः विकल्प (B) सही है।

**42.** (C) रिक्त स्थान में 'was being helped' आएगा, क्योंकि वाक्य Past continuous Tense के Passive voice में है। यहाँ Subject the wounded man' singular है, इसलिए Singular verb 'was' का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (C) सही है।

**43.** (D) Direct speech को indirect speech में change करने के लिए निम्नलिखित changes करने होंगे –
Comma और inverted comma को हटाएँगे।
'Said' को 'Urged' में change करेंगे।
'My' को 'his' में change करेंगे।
He urged them to be quiet and listen to his words.
अतः विकल्प (D) सही है।

**44.** (A) Phonetics में nasal's sound हैं— [n], [n] and [m]. Words में इनके example हैं—nose, bring and mouth.
These are produced with a lowered velum, allowing air to escape freely through the nose.
अतः विकल्प (A) |m , n, n| सही है।

**45.** (B) Kimberlite का Correct phonetic transcription है –
| | KIMbɔIΛItl
अतः विकल्प (B) सही है।

**46.** (D) Grouping और sequence दोनों ही gradation के सिद्धांत में सन्निहित है। भाषा के उन्नयन (gradation) का अर्थ है भाषा की वस्तुओं को क्रम में रखना है। इसमें समूहन और अनुक्रम (grouping and sequence) शामिल है। भाषा प्रणाली को समूहबद्ध करने का अर्थ है, कि क्या ध्वनियाँ, शब्द, वाक्यांश और अर्थ सिखाए जाने हैं। इस प्रकार हमारे पास Phonetic grouping, lexical grouping, grammatical grouping, semantic grouping और Structural grouping आदि मौजूद है। अनुक्रम का अर्थ है, कि किसके बाद क्या आता है। एक विदेशी भाषा को पढ़ाने में, अनुक्रम वाक्यांशों (व्यावहारिक अनुक्रम) शब्दों (शाब्दिक अनुक्रम), और अर्थ (शब्दार्थ अनुक्रम) की व्यवस्था में सही होना चाहिए।

**47.** (A) शिक्षण सामग्री मानसिक आयु के अनुसार होनी चाहिए और वास्तविक जीवन स्थितियों में प्रासंगिक होनी चाहिए। यह चयन के सिद्धांतों (Principal of Selection) की मुख्य विशेषता है। भाषा शिक्षण के सिद्धान्तों में चयन और श्रेणीकरण का सिद्धांत शामिल है। यह उपयुक्त शिक्षण सामग्री का चयन करने और भाषा की वस्तुओं को क्रम में रखने पर आधारित है। शिक्षण सामग्री मानसिक आयु के अनुरूप होनी चाहिए और वास्तविक जीवन की स्थितियों में प्रासंगिक होनी चाहिए। यह सिद्धांत इस धारणा पर आधारित है, कि एक छोटी अवधि के भीतर भाषा की पूरी प्रणाली को पढ़ाना संभव नहीं है। क्योंकि सीमित समय में ही सीमित चीजें ही सिखाई जा सकती हैं, इसलिए शिक्षक को एक विषय का चयन करना आवश्यक होता है।

**48.** (C) अनुवाद सह-व्याकरण पद्धति (translation cum grammar method) में मातृभाषा अंग्रेजी के शिक्षण में हावी है। यह विधि भाषा सीखने में छात्रों की सक्रिय भागीदारी को सुगम बनाती है। व्याकरण–अनुवाद पद्धति के साथ बोलने के कौशल और विरोधाभासों पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका लक्ष्य भाषा को मातृभाषा में अनुवाद किए बिना सीधे सीखने पर जोर देता है। इस पद्धति में, शिक्षार्थी पहले व्याकरणिक नियमों को सीखता है, और फिर उन नियमों को मातृभाषा में लक्षित भाषा से वाक्यों के अनुवाद में लागू करता है। यह लेखन कौशल पर केंद्रित है।

**49.** (A) Dr. Michael Phillip West की अंग्रेजी पढ़ाने की 'नई पद्धति' एक ऐसी विधि है, जो तीन तत्वों पर आधारित थी, जैसे—पढ़ना,

शब्दावली वाले पाठक, और विवेकपूर्ण तरीके से मातृभाषा का उपयोग। डॉ. वेस्ट ने भारत में दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी भाषा पर अपना शोध किया था और इसे प्रत्यक्ष पद्धति के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में विकसित किया था। इस पद्धति ने मौखिक और मौन दोनों तरह से पढ़ने की दक्षताओं पर ध्यान केंद्रित किया। चूँकि अंग्रेजी पढ़ाने की प्रत्यक्ष विधि (Direct method) मुख्य रूप से बोलने के कौशल पर केंद्रित है, और लक्ष्य भाषा को सीधे मातृभाषा में अनुवाद किए बिना सीखने पर जोर देती है, अंग्रेजी पढ़ाने की नई विधि सभी चार बुनियादी कौशल (अर्थात् सुनना, बोलना, पढ़ना और लेखन) पर जोर देती है। एक भाषा सीखने की यह एक ऐसी विधि है, जो भाषा सीखने में छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सुविधा प्रदान करती है। यह विधि प्रत्यक्ष विधि की सीमाओं को पार करने की एक विधि के रूप में उभरी।

**50.** (D) Teaching के Direct method को कभी–कभी Natural Method (प्राकृतिक विधि) Mother's Method (मातृभाषा विधि) कहा जाता है। यह अक्सर विदेशी भाषाओं को पढ़ाने में उपयोग की जाती हैं। यह शिक्षार्थी की मूल भाषा से परहेज करती है तथा केवल लक्षित भाषा का उपयोग करती है। इसे 1900 के आसपास England में स्थापित किया गया था। यह Grammar translation Method और Bilingual Method के विपरीत है। यह मौखिक व दृश्य अपील कर विचार करती है।

**51.** (A) Extensive reading को इंडिपेंडेंट साइलेंट रीडिंग के नाम से भी जाना जाता है। व्यापक पठन या रैपिड रीडिंग को स्वतंत्र मौन पठन के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि छात्र शिक्षकों की सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से पढ़ते हैं और वे इसे चुपचाप करते हैं। इस प्रकार का पठन मुख्य रूप से विषय-वस्तु के बारे में होता है। छात्र मुख्य रूप से विषय के बारे में जानकारी के लिए व्यापक रूप से पढ़ता है। एजुकेशन की डिक्शनरी के अनुसार, ''व्यापक पठन अभिव्यक्ति के विवरण या यांत्रिकी के बजाय पुरुषों के विचार के लिए पढ़ना है।''

**52.** (C) Intensive writing method, लेखन शिक्षण की विधि नहीं है। जबकि Tracing method, Free Imitation Method, F. G French's Method, लेखन शिक्षण की विधियों में सम्मिलित है।

**53.** (C) Reproduction technique, Role play और Performance सभी बोलने के कौशल के अन्तर्गत सन्निहित हैं। Speaking Skills प्रभावी ढंग से संवाद की अनुमति प्रदान करते हैं। Speaking skill भाषा सीखने का महत्वपूर्ण हिस्सा है। Role Play विधि छोटी कक्षाओं में भी उपयोगी है। यह औपचारिक विधि है।

**54.** (D) दिये गये विकल्पों में से Record – Player श्रव्य – दृश्य कौशल को विकसित करने के लिये सबसे उपर्युक्त उपकरण है। जबकि Flannel Board, Pictures और Film strips आदि। केवल दृश्य कौशल को ही विकसित करने में सहयोगी हैं।

**55.** (B) Language laboratory एक बहुत लोकप्रिय नवाचार तकनीक है। इसकी उत्पत्ति अमेरिका (यू. एस. ए.) में हुई थी। Language laboratory एक स्वशिक्षण उपकरण है। यह शिक्षार्थी को रिकॉर्ड किये गये टेप से बोली जाने वाली भाषा को सुनने और उसे तरीके से बोलने का अभ्यास करने में सक्षम बनाता है। भाषा प्रयोगशाला सुनने व बोलने के कौशल पर ध्यान केंद्रित करती है।

**56.** (B) Evaluation की Quantitative Techniques के अन्तर्गत Observation Techniques सन्निहित नहीं है। जबकि Oral Techniques, Practical Techniques और Written Techniques, Evaluation की Quantitative Techniques के अंतर्गत सन्निहित हैं।

**57.** (A) Evaluation की वह तकनीक जो 'Yes or No' Type को संदर्भित करती है Check list (चेकलिस्ट) कहलाती है। चेकलिस्ट का प्रयोग प्रश्नावलियों तथा अनुसूचियों की तरह ही किया जाता है, जिसमें जिस विषय का अध्ययन करना हैं, उससे सम्बन्धित पदों की एक सूची तैयार कर ली जाती है।

**58.** (C) CCE के सन्दर्भ में यह कहना गलत होगा कि यह शिक्षक को प्रभावी शिक्षण रणनीतियों को व्यवस्थित करने में मदद नहीं करता है, क्योंकि CCE का मुख्य कार्य शिक्षक को प्रभावी, शिक्षण रणनीतियों को व्यवस्थित करने में मदद करना ही है। CCE के माध्यम से बच्चों की कमजोरियों व विशेषताओं का पता लगाया जाता है। यह बच्चे को एक यथार्थवादी आत्म–मूल्यांकन करने के सहायक है। यह दृष्टिकोण व मूल्य–प्रणालियों में परिवर्तन की पहचान करने में मदद करता है।

**59.** (B) Formative Assessment की प्रमुख विशेषता निदान (Diagnostic) व उपचारात्मक (Remedial) प्रक्रिया है। रचनात्मक मूल्यांकन से तात्पर्य किसी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना प्रक्रिया आदि में मूल्यांकन करके सुधार किये जाने से है। रचनात्मक मूल्यांकन में किसी शैक्षिक कार्यक्रम या किसी योजना की गुणवत्ता और उसकी उपयोगिता का आकलन किया जाता है, जिससे इसे अधिक उपयोगी व प्रभावी बनाया जा सके।

**60.** (B) Evaluation के मुख्य कार्य Diagnosis (निदान), Prediction (भविष्यवाणी) करना है। मूल्यांकन वह प्रक्रिया है, जिसके आधार पर किसी छात्र के ज्ञान का आकलन किया जाता है तथा उसकी विषय के प्रति रुचि और प्रतिभा का आकलन कर भविष्यवाणी की जाती है।

## English Language-II

**61.** (A) Passage के अनुसार appropriate title Discipline है।

**62.** (A) रिक्त स्थान में क्रमशः 'Both' और 'and' का प्रयोग होगा क्योंकि Passage के अनुसार adolescents और उनके friends feel let down.
अतः विकल्प (A) सही है।

**63.** (C) रिक्त स्थान में conjunctions 'not only – but also' का प्रयोग होगा क्योंकि Passage के अनुसार adolescents have a tendency to go astray and choose the wrong path.
अतः विकल्प (C) सही है।

**64.** (B) रिक्त स्थान में 'feels' का प्रयोग होगा क्योंकि वाक्य Simple Present Tense का है और 'as well as' के साथ helping verb first subject के according प्रयोग की जाती है, जोकि यहाँ Singular है, इसलिए Singular verb (verb + s/es) का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (B) सही है।

**65.** (D) रिक्त स्थान में H.V. 'does' का प्रयोग क्योंकि वाक्य Present Indefinite tense का है और Subject (a guardian) singular है तो singular H.V. 'does' का प्रयोग होगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

**66.** (B) 'Give me a flower............both provide' में rhyme scheme है। 'abab' क्योंकि Stanza की first and third lines एक दूसरे से rhyme करती हैं, और second and fourth lines आपस में rhyme करती है।
अतः विकल्प (B) सही है।

**67.** (D) 'Give me a flower as delicious as the rose' में figure of speech 'Simile' का प्रयोग हुआ है, क्योंकि दो Objects को compare किया गया है। यहाँ poet ने ऐसे flower की माँग की है, जो rose जितना delicious हो।
अतः विकल्प (D) सही है।

**68.** (B) रिक्त स्थान में model verb 'must' का प्रयोग होगा क्योंकि necessity अथवा obligation दर्शाने के लिए 'must' का प्रयोग होता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

**69.** (A) Bilabial consonants वह Sound हैं, जो दोनों lips से produce होते हैं और sound के pronunciation के दौरान मुँह से आने वाली हवा को partially रोक देती है।

Ex : [p], [b], [m] etc.

अतः विकल्प (A) सही है।

**70.** (B) Lateral consonant (पार्श्व व्यंजन) वह consonant हैं, जिनमें air stream जीभ के एक या दोनों sides से आगे बढ़ती है, परंतु जीभ द्वारा मुँह के बीच से जाने को block की जाती है।

Ex : [L], [1] etc.

अतः विकल्प (B) सही हैं।

**71.** (C) 'Ship' में underlined 'Sh' का Symbol है– [ ʃ ]

इसे आमतौर पर letter combination 'Sh' से Spell किया जाता है पर कभी–कभी इसे 't' (जैसे 'nation' में), 'S' (जैसे 'sugar' में) और 'Ch' (जैसे 'machine' में) से भी Spell किया जाता है।

अतः विकल्प (C) सही है।

**72.** (B) Jute शब्द का Phonetic transcription | d3u : t| होगा। अतः विकल्प (B) सही होगा।

**73.** (A) Wreathe शब्द का Phonetic transcription |ri : ∂| होगा। अतः विकल्प (A) सही होगा।

**74.** (B) Lincon ने कहा है, कि महत्वपूर्ण सिद्धांतों की प्रकृति लचीली हो सकती है और इसे लचीला होना आवश्यक है।

**75.** (C) यदि मौखिक भाषा की बात है, तो बालक अनुकरण द्वारा सुनने–बोलने के क्रम में स्वाभाविक रूप से सीख जाते हैं, और यदि लिखित भाषा की बात की जाये तो उसे सिखाया ही जाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सीखने के प्रकृति रूप में उपर्युक्त क्रम ही स्वाभाविक क्रम है—सुनना (listening), speaking (बोलना), reading (पढ़ना) व Writing (लिखना)।

**76.** (A) सतत् मूल्यांकन मुख्य रूप से प्रकृति, में रचनात्मक व विद्यालय आधारित होता है। सतत् मूल्यांकन का उद्देश्य सीखने का आकलन करने के लिय नियमित गतिविधियों और अभ्यास से है। CCE नैदानिक और उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से मूल्यांकन को सीखने का अभिन्न अंग बनाना सुनिश्चित करता है। मूल्यांकन का दृष्टिकोण शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार है। बी. एस. ब्लूम ने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के क्षेत्र में यह दृष्टिकोण दिया था।

**77.** (A) Group Evaluation में सीखने की विभिन्न शैलियों का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके अन्तर्गत छात्र सहगामी तरीके से आगे बढ़ते हैं, क्योंकि वे एक समूह में एक-दूसरे की मदद करते हैं। Group Evaluation में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करती है।

**78.** (B) Summative Evaluation provide information on shoot term effectiveness or long term impact for deciding the adoption of a product or process.

**79.** (C) यह कहना अनुचित है कि Communicative approach प्रयोग में व्यावहारिक नहीं हे, जबकि Communicative approach (संचार उपागम) का दृष्टिकोण प्रयोग में व्यावहारिक है। यह भाषा क्षमता को विकसित करता है तथा भाषा के कार्यात्मक मूल्य पर जोर देता है।

**80.** (B) शिक्षण भाषा का नवीनतम अनुप्रयोग संचारी उपागम है। इसे संचारी दृष्टिकोण भी कहा जाता है। संचारी उपागम भाषा शिक्षण के लिये एक दृष्टिकोण है, जो अध्ययन के साधन और अंतिम लक्ष्य दोनों के रूप में बातचीत पर जोर देता है।

**81.** (D) शिक्षण की केवल एक ही विधि का प्रयोग करना, अंग्रेजी पढ़ाने की चुनौतियों को हल करने के उपाय नहीं है। अंग्रेजी शिक्षण में सुध ाार के लिये प्रमाणित और योग्य शिक्षकों का चयन करना चाहिए, आत्मविश्वास में बढ़ावा देना चाहिये तथा शिक्षण के साथ तालमेल स्थापित करने पर जोर देना चाहिए। शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों व उपागमों का प्रयोग करना एक उचित माध्यम है।

**82.** (A) शिक्षार्थी के अन्दर अलगाव की भावना उत्प. न्न करना, Online Remedial education का लाभ नहीं है, जबकि समय स्थान की बाधाओं का उन्मूलन करना, इसका लाभ है। इसमें निर्देशन करने की गति लचीली होती है। यह लागत प्रभावी है। यह शिक्षार्थियों में अध्ययन के लिये रुचि उत्पन्न करने में सजग भूमिका का निर्वहन करता है।

**83.** (B) Online Remedial education की हानि यह है कि यह प्रशिक्षक द्वारा सहायता प्राप्त नहीं है। वास्तविक कक्षा की तरह इसमें उत्साह का वातावरण उत्पन्न नहीं हो पाता। एक जीवंत कक्षा में शिक्षण का जो आनन्द होता है वह Online Remedial Education में उत्पन्न नहीं हो पाता।

**84.** (B) Richard was a lion in the fight' में literary device metaphor' का use हुआ है, क्योंकि यहाँ 'Richard' को 'lion' जैसा दर्शाया गया है। Metaphor में एक word या Phrase को दूसरे के स्थान पर उनके बीच likeness या analogy दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

**85.** (A) 'Pride goeth forth...........begs its way' में figure of speech 'Personification' का प्रयोग हुआ है, क्योंकि यहाँ inanimate objects को जीवित रूप में दर्शाया गया है।

अतः विकल्प (A) सही है।

**86.** (C) "Betty Botter bough some butter" में figure of speech 'Alliteration' का प्रयोग हुआ है, क्योंकि words same letter और sound से शुरू हो रहे हैं।

अतः विकल्प (C) सही है।

**87.** (D) A poem having 14 lines, each usually containing 10 syllables and a fixed pattern of rhyme is called a sonnet (चतुदर्श—पदी, गाथा)।

Elegy – शोकगीत, करुण गीत

Ode — गजल, कविता, संबोधगीत

Limerick — पाँच–पंक्ति की कठोर और विनोदी कविता।

अतः विकल्प (D) सही है।

**88.** (D) Elegy एक Song या poem है जो sorrow और lamentation (especially for one who is dead) को दर्शाती है। यह एक serious reflection होती है। यह Sad, mourning और emotional poem होती है।

अतः विकल्प (D) सही है।

**89.** (A) 'man of straw' (idiom) का अर्थ है—a person regard as having no substance or integrity अर्थात् एक ऐसा व्यक्ति जिसमें कोई सच्चाई या सत्यनिष्ठा न हो। अतः विकल्प (A) सही है।

**90.** (C) 'show a clean pair of heels' (idiom) का अर्थ है—ran away extremely fast अर्थात् बहुत तेजी से भाग जाना। अतः अतः विकल्प (C) सही है।

## संस्कृत भाषा–I

**31.** (A) **प्रथमा विभक्ति।**

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार "राष्ट्रम्" पद में प्रथमा विभक्ति एकवचन प्रयुक्त हुआ है। हमारा भारत विभिन्न भाषा, जाति, धर्म और सम्प्रदाओं का राष्ट्र है। वाक्य के अनुसार 'राष्ट्रम्' पद में **प्रथमा विभक्ति** एकवचन है।

**32.** (C) **तत्पुरुष।**

प्रश्नानुसार 'सुमति' पद में तत्पुरुष समास है। इस पद में "गति तत्पुरुष" समास है जो कि 'कु' और 'सु' के प्रयोग के लिए होता है। अर्थात् 'कु' = कुत्सित् अर्थ में (बुरा) 'सु' = सुन्दर/सुष्ठुः अर्थ में प्रयोग किया जाता है।

| | पद | | विग्रह |
|---|---|---|---|
| जैसे— | कुपुरुषः | = | कुत्सित् पुरुषः |
| | सूक्ति : | = | सुष्ठुः उक्ति |
| | सुजन : | = | सुन्दर जनः/ सुष्ठु जनः |
| | सुमति : | = | सुन्दर मतिः/ सुष्ठु मतिः |

**33.** (A) **विशेष्यम्**

उपर्युक्त प्रश्नानुसार 'भारतीयानाम्' पद विशेष्य है तथा "सर्वेषाम्" पद 'विशेषण' है।

**34.** (B) **तल् प्रत्यय**

प्रश्नानुसार 'विभिन्नता' पद में 'तल' प्रत्यय लगा हुआ है। तल् प्रत्यय तद्धित प्रत्यय के अन्तर्गत आता है, जो कि संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से जुड़ता हैं।

तल् प्रत्यय से युक्त शब्द स्त्रीलिङ्ग में चलते है।

जैसे— दरिद्र + तल् = दरिद्रता

कटु + तल् = कटुता

मनुष्य + तल् = मनुष्यता

**ध्यातव्य**—गज, सहाय, ग्राम, जन और बन्धु शब्द से "तस्य समूह" (उसका समूह) अर्थ में तल् प्रत्यय होता हैं।

गजानां समूहः = गज + तल् = गजता

सहायानां समूहः = सहाय + तल् = सहायता

ग्रामाणां समूहः = ग्राम + तल् = ग्रामता

जनानां समूहः = जन + तल् = जनता

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'विभिन्नता' पद में तल् प्रत्यय प्रयुक्त हुआ।

**35.** (D) 'संवादेन' पद में करण कारक है।

अर्थात् 'करण कारक' तृतीया विभक्ति एकवचन प्रयुक्त है।

**36.** (C) **नपुसकलिङ्गम्**

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'जयपुरनगरम्' पद नपुसकलिङ्गम् हैं।

**37.** (C) **लङ् लकार।**

प्रश्नानुसार 'अकरोत' पद लङ् लकार प्रथम पुरुष एकवचन है। 'कृ' धातु उभयपदी धातु हैं, जिसका अर्थ है "करना"।

⟹ लङ्लकार (परस्मैपद)

| प्रथम पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| मध्यम पुरुष | अकरोत् | अकुरुताम् | अकुर्वन् |
| मध्यमपुरुष | अकरोः | अकुरुतम् | अकरुत |
| उत्तम पुरुष | अकरवम् | अकुर्व | अकुर्म |

**38.** (D) **राज्ञां धानी।**

उपर्युक्त 'राजधानी' पद का विग्रह 'राज्ञाम् धानी' है। यह षष्ठी तत्पुरुष है।

**39.** (D) **नगरस्य + ऐश्वर्यम्।**

उपर्युक्त "नगरस्यैश्वर्यम्" पद का सन्धि विग्रह "नगरस्य + ऐश्वर्यम्" है। इस पद में "वृद्धि संधि है।

वृद्धि संधि सूत्र = "वृद्धिरेचि" ऐ, औ आदेश होता है।

(i) अ/आ/+ ए/ऐ = ऐ ⟹ अधुना + एवं = अधुनैव
सा + एषा = सैषा

(ii) अ/आ + ओ/और ⟹ तण्डुल + ओदनम्
= औ = तण्डुलौदनम् महा + ओजः = महौजः

**40.** (B) इंद प्रसिद्धश्च इत्युभयम।

उपर्युक्त वाक्य के अनुसार "इंद" और "प्रसिद्धम्" दोनों पदों में विशेषण है। अर्थात् यह नगर भारत का पेरिस नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ पर 'यह' और 'प्रसिद्ध' शब्द दोनों ही विशेषण है।

**41.** (D) **पठिष्यति।**

प्रश्नानुसार 'पठति' पद "लट् लकार" में पठ् धातु प्रथम पुरुष एकवचन है, जिसका लृट लकार में परिवर्तन 'पठिष्यति' होगा।

| लट् लकार | लृट लकार |
|---|---|
| प्रथम पु. पठति<br>पठतः पठन्ति | प्रथम पु. पठिष्यति<br>पठिष्यतः पठियन्ति |
| मध्यम पु. पठसि<br>पठथः पठथ | मध्यम पु. पठिष्यसि<br>पठिष्यथः पठिष्यथ |
| उत्तम पु. पठामि<br>पठावः पठामः | उत्तम पु. पठिष्यामि<br>पठिष्यावः पठिष्यामः |

**42.** (C) **कण्ठतालु।**

प्रश्नानुार 'ए' कार का उच्चारण स्थान कण्ठतालु है। "एदैतोकण्ठतालु" सूत्र से 'ए' ऐ वर्ण का उच्चारण स्थान कण्ठतालुः होगा।

**43.** (C) **अष्टसप्ततिः, अष्टासप्ततिः।**

'78' संख्या की संस्कृत अष्टसप्ततिः/ अष्टासप्ततिः है।

जैसे— 71 = एक सप्ततिः

72 = द्विसप्ततिः/द्वासप्ततिः

73 = त्रिसप्ततिः/त्रयः सप्ततिः

74 = चतुः सप्ततिः

75 = पञ्चसप्ततिः

76 = षट्सप्ततिः

77 = सप्तसप्ततिः

78 = अष्टसप्ततिः/अष्टासप्ततिः

79 = नवसप्ततिः/एकोनाशीतिः

80 = अशीतिः

**44.** (D) **'ह'।**

प्रश्नानुसार माहेश्वर सूत्रों में 'ह' वर्ण का दो बार उपदेश हुआ।

⟹ सूत्रान्त के समय 'र्ण' का दो बार उपदेश हुआ।

**45.** (D) **तेन गीता पठ्यते।**

प्रश्नानुसार "सः गीताम् पठति"। का वाच्य परिवर्तन "तेन गीता पठ्यते" है। कर्मवाच्य बनाते समय कर्त्ता तृतीया विभक्ति में तथा क्रिया मूलरूप में 'य' लगाकर आत्मनेपदी रूप बनाया जाता है।

जैसे—कर्त्तृवाच्य → सः गीताम् पठति (वह गीता पढ़ता है।)

(प्रथमा विभक्ति) (परस्मैपदी)

↓ ↓

कर्मवाच्य तेन गीता पठ्यते (उसके द्वारा गीता पढ़ी जाती है।)

(तृतीया विभक्ति) (आत्मनेपदी)

**46.** (D) जलं, जलेन, जलाद्वा बिना जीवनं नास्ति।

प्रश्नानुसार "जल के बिना जीवन नहीं हैं।" वाक्य का संस्कृत अनुवाद

अर्थात् = "जलम्, जलेन, जलाद्वा बिना जीवनं नास्ति है।

"पृथग्विनानानाभिस्तृतीयाऽन्यतरस्याम्"सूत्र से पृथक्, बिना और नाना के योग में द्वितीया, तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है। इसलिए विकल्प "D" ही सही है।

**47.** (B) **सः प्राणान् अत्यजत्।**

प्रश्नानुसार "उसने प्राण त्यागे" वाक्य का संस्कृत अनुवाद "सः प्राणान् अत्यजत्" होगा।

यहाँ "प्राण" शब्द नित्य बहुवचन में प्रयुक्त होगा और लङ् लकार के अनुसार 'अत्यजत्' पद "त्यज" धातु का है, जो कि कर्त्ता के अनुसार "प्रथम पुरुष एकवचन" में प्रयुक्त हुआ।

**48.** (C) **सरस्वती कैः आवृता वर्तते?**

प्रश्नानुसार "सरस्वती श्वेतवस्त्रैः आवृता वर्तते।" का हिन्दी अनुवाद है "सरस्वती सफेद वस्त्रों को धारण करती है।" यहाँ रेखांकित पद "श्वेतवस्त्रैः" तृतीया विभक्ति बहुवचन का है, तथा "नपुसकलिङ्ग" शब्द है अतः प्रश्न निर्माण के लिए 'किम्' नपुसकलिङ्ग तृतीया विभक्ति बहुवचन "कैः" शब्द आयेगा।

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| तृतीया विभक्ति | केन | काभ्याम् | कैः |

**49.** (C) **मया त्रीणि पुस्तकानि पठितानि।**

प्रश्नानुसार "मया त्रीणि पुस्तकानि पठितम्" का वाक्य संशोधन—"मया त्रीणि

पुस्तकानि पठितानि" होगा "पठित" शब्द रूप नपुसकलिङ्ग में बहुवचन में "पठितानि" पद प्रयुक्त होता है। "पठितानि" शब्द नपुसकलिङ्ग में प्रथमा, द्वितीया बहुवचन में बनता है।

**50.** (B) **चत्वारः।**
प्रश्नानुसार लिखित परीक्षा के प्रश्न चार प्रकार के होते हैं। अच्छे प्रश्न–पत्रों के निर्माण करने हेतु अच्छे प्रश्न चयनित करने पड़ते हैं वे प्रश्न मुख्यतः वस्तुनिष्ठ, अतिलघुत्तरात्मक, लघुत्तरात्मक तथा निबन्धात्मक होते हैं।

**51.** (D) **नद्यः**
"पिबन्ति नद्यः स्ययमेव नाम्भः" अर्थात् "नदियाँ अपना जल स्वयं नहीं पीती, बल्कि परोपकार के लिए देती हैं।" अर्थात् इस सूक्ति से यह स्पष्ट किया गया है, कि सत्पुरुषों का जीवन परोपकार के लिए ही होता है।

**52.** (C) **रुचेः सिद्धान्तः।**
प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण का मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त रुचि का सिद्धान्त है, जिस विषय या क्रिया में हमारी रुचि होती है, उसको हम आसानी से सीख लेते है कारण कि हम उसको बड़ी तत्परता के साथ करते है, इसलिए कुशल शिक्षक शिक्षण विधियों को निर्धारित करते समय बालकों की रुचि पर विशेष ध्यान देते हैं।

**53.** (A) **पारायणविधिः।**
प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण की प्राचीनतम विधि–पारायण विधि है, यह विधि ऋषि–मुनियों के समय से प्रचलित है इसलिए इसे प्राचीन विधि कहते हैं। यह विधि कण्ठस्थीकरण पर जोर देती है यही वह विधि है, जो ज्ञान का संरक्षण एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में करती है पारायण करने वाला "पारायणिक" कहलाता है। पारायण करते समय ब्रह्मचारी पूर्व दिशा की तरफ मुख करके बार–बार नियमों को रटता है।

**54.** (A) **निर्बाध विधिः**
प्रश्नानुसार संस्कृत–भाषा शिक्षण के सर्वोत्तम विधि निर्बाध विधि/प्रत्यक्ष विधि है। इस विधि के प्रवर्तक भारत में अल्फीन स्टोन हाईस्कूल (मुम्बई) में सर्वप्रथम प्रोफेसर वी. पी. वोकिल महोदय ने किया था।
निर्बाध विधि को प्रत्यक्ष विधि/सुगम विधि/प्राकृतिक विधि भी कहते हैं।

**55.** (D) **भाषा।**
प्रश्नानुसार विचारों को व्यक्त करने के लिए "भाषा" ही प्रमुख साधन है। भाषा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने विचारों का आदान–प्रदान कर सकता है।

**56.** (B) भाषणम्।
प्रश्नानुसार चारों कौशलों में द्वितीयक कौशल के नाम से सम्भाषण कौशल/भाषणम् को जाना जाता हैं।

| इसका समुचित क्रम | |
|---|---|
| 1. | श्रवणम = श्रुत्वाग्रहणम – प्राथमिक कौशल |
| 2. | भाषणम् = मौखिकाभिव्यक्ति – द्वितीय कौशल |
| 3. | पठनम् = पठित्वा ग्रहणम् |
| 4. | लेखनम् = लिखिताभिव्यक्ति |

**57.** (B) **मेधावि–छात्रेभ्यः।**
⇒ शलाका परीक्षा तीव्र बुद्धि के परीक्षण के लिए/मेद्यावी छात्रों के परीक्षण के उपर्युक्त होती है।
⇒ संस्कृत में हम सब सुनने, बोलने व पढ़ने से संबंधित सभी कौशलों का मूल्यांकन हम शलाका परीक्षा से कर सकते हैं। यह प्रणाली अत्यन्त वैज्ञानिक एवं परिष्कृत प्रणाली है।
⇒ शलाका का अर्थ एक प्रकार की पतली छोटी सी छड़ी। इस परीक्षा के लिए मूल्याङ्कनकर्त्ता छात्र के सम्मुख ग्रन्थ रखकर की जाती है, जिसमें लिखीं विषयवस्तु यथावत् स्मृति के आधार पर सुनानी प्रारम्भ करते हुए तब तक निरन्तर उच्चारण जारी रखने होती है, जब तक कि आचार्य रोक न दें।

**58.** (B) **त्रिषु।**
प्रश्नानुसार संस्कृत अध्यापन के अधिगम साधन मुख्यतः तीन भागों में विभक्त है।

**59.** (D) **पाठ्यपुस्तकानि।**
प्रश्नानुसार शिक्षक का शिक्षण का आधार **"पाठ्य पुस्तक"** होती हैं। उपर्युक्त विकल्पानुसार 'D' विकल्प सत्य है।

**60.** (D) **अध्यापकेषु प्रतिस्पर्धायाः उत्पादनम्।**
प्रश्नानुसार उपचारात्मक शिक्षण का उद्देश्य–
विकल्प A : छात्रों के वैयक्तिक का कठिन निवारण करना।
B : समय का लाभ बताना
C : विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करना
ये तीनों विकल्प उपचारात्मक शिक्षण के उद्देश्यों में आते हैं। विकल्प 'D' अध्यापकों में प्रतिस्पर्धा का उत्पादन करना उपचारात्मक शिक्षण का उद्देश्य नहीं है।

## संस्कृत भाषा–II

**61.** (B) **महता।**
प्रश्नानुसार 'महता' शब्द महान्/महत् शब्द रूप में तृतीया विभक्ति एकवचन में प्रयुक्त हुआ हैं। महान् शब्द तकारान्त हैं।

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| तृतीया विभक्ति | महता | महध्याम् | महभि |

**62.** (B) **दीर्घसंधि।**
प्रश्नानुसार "ध्वजारोपण" पद का संधि विग्रह = ध्वज + आरोहण बनता है "अकः सवर्णे दीर्घः" सूत्र से अक् प्रत्याहार वाले वर्ण दीर्घ हो जाते हैं।
जैसे– अधुना + अपि = अधुनापि
आ + अ = आ
अत्र + अयम = अत्रायाम
अ + अ = आ
ध्वज + आरोहण = ध्वजारोपण
अ + अ
आ

**63.** (C) **तत्पुरुष।**
प्रश्नानुसार "राष्ट्रगीतम्" पद में "षष्ठी तत्पुरुष" है। यह "विभक्ति तत्पुरुष" के अनुसार इसका विग्रह = राष्ट्रस्य गीतम् अर्थात् राष्ट्र का गीत।
इसलिए यहाँ तत्पुरुष समास होगा।
जैसे–राष्ट्रपति = राष्ट्रस्य पति
राजपुरुषः = राज्ञः पुरुषः

**64.** (A) **लट् लकार।**
प्रश्नानुसार "प्रणमन्ति" पद में "लट् लकार" है। इसमें प्र उपसर्ग + नम् धातु + लट् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लट् लकार | प्रथम पुरुष | प्रणमति | प्रणमत् | प्रणमन्ति |
| | मध्यम पुरुष | प्रणमसि | प्रणमथः | प्रणमथ |
| | उत्तम पुरुष | प्रणमामि | प्रणमावः | प्रणमामः |

**65.** (D) **राजनायिकाः**
प्रश्नानुसार "गणमान्याः राजनायिकाः सम्मिलिताः भवन्ति"। वाक्य में "गणमान्या" "विशेषण" है तथा रानायिकाः "विशेष्य" है।

**66.** (B) **वृद्धिसंधिः।**
प्रश्नानुसार "उत्रैव" पद का सन्धि–विग्रह– [अ + ए = ऐ] ⇒ "अत्र + एव" होगा।
"वृद्धिरेचि" सूत्र से ऐ, औ वर्ण वृद्धि आदेश से होता हैं।
(i) अ/आ/+ ए/ऐ = ऐ ⇒ देव + ऐश्वर्यम् = देवैश्वर्यम्
अधुना + एव = अधुनैव
(ii) अ/आ + ओ/और ⇒ महा + ओजः = महौजः
तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम् पद बनते है।

**67.** (A) **तरुपुरुषः।**
प्रश्नानुसार "सङ्गीतशास्त्रसरणिम्" पद का विग्रह ⇒ सङ्गीत शास्त्रम सरणिम् इव होगा यहाँ "कर्मधारय तत्पुरुष" है।
तथा तत्पुरुष समास दो भागों में विभक्त है–

| (i) समानाधिकरण तत्पुरुष | (ii) व्यधिकरण तत्पुरुष |
|---|---|
| कर्मधारय समास द्विगु समास | विभक्ति तत्पुरुष, नञ तत्पुरुष, गति तत्पुरुष, उपपद तत्पुरुष, प्रादि तत्पुरुष, अलुक तत्पुरुष। |

इसलिए इसे "तत्पुरुष" समास में रखा गया है।

**68.** (C) **क्त प्रत्यय।**

प्रश्नानुसार "उपगताम्" पद = उप उपसर्ग + गम् धातु + क्त प्रत्यय से बना है।

क्त प्रत्यय "भूतकाल" के अर्थ में पढ़ा जाता है, इससे बनने वाले शब्द पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग तथा नपुसकलिङ्ग तीनों में बनते हैं।

"उपागमताम्" पद द्वितीया विभक्ति एकवचन में प्रयुक्त होता है।

**69.** (D) **व्यतिरेकालङ्कारः।**

प्रश्नानुसार "अत्रैव कोकिल विनिन्दितमनोज्ञकण्ठी" श्लोक में व्यतिरेक अलंकार है अर्थात् जहाँ पर उपमान का उपमेय से या उपमेय का उपमान से विशेष वर्णन किया जाये वहाँ व्यतिपेरक अलङ्कार होता है।

[व्यतिरेको विशेषश्चेदुपमानोपमेययोः]

**70.** (B) **वसन्ततिलका।**

प्रश्नानुसार इस श्लोक में "वसन्ततिलका" छन्द है।

वसन्ततलिका छन्द का लक्षण—इसके प्रत्येक पद में 14 वर्ण होते हैं ये वर्ण क्रमशः तगण, भगण, जगण, जगण और दो गुरु के रूप में होते हैं।

अर्थात् लक्षण—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौगः।

जैसे—अत्रैव कोकिलविनिन्दित् मनोज्ञ–कण्ठी,

| S S 1 | S 1 1 | 1 S 1 | 1 S 1 | S | S |
|---|---|---|---|---|---|
| तगण | भगण | जगण | जगण | गुरु | गुरु |

**71.** (A) कण्ठ–तालु।

प्रश्नानुसार "ए" कार का उच्चारण सूत्र "एदैतोकण्ठन्तालु" सूत्र से "ए" और "ऐ" वर्ण का उच्चारण स्थान "कण्ठ–तालु" है।

**72.** (C) **मूर्धा।**

प्रश्न के अनुसार 'ष' का उच्चारण सूत्र "ऋतुरषाणाम् मूर्धाः" सूत्र से ऋ, ट वर्ग, र तथा ष वर्ण का उच्चारण स्थान "मूर्धा" होगा।

**73.** (A) **चतुः पञ्चाशत्।**

प्रश्नानुसार "54" को संस्कृत में "चतुःपञ्चाशत्" कहते हैं।

51. एक पञ्चाशत्
52. द्विपञ्चाशत्/द्वापञ्चाशत्
53. त्रिपञ्चाशत्/त्रयः पञ्चाशत्
54. चतुः पञ्चाशत्
55. पञ्चपञ्चाशत्
56. षट्पञ्चाशत्
57. सप्तकञ्चाशत्
58. अष्टपञ्चाशत्/अष्टा पञ्चाशत्
59. नवपञ्चाशत्
60. षष्टिः

**74.** (C) **पादोन–सप्तवादने।**

प्रश्नानुसार प्रातः "पादोन–सप्तवादने" सूर्योदय भवति। अर्थात् प्रातः 6 : 45 पर सूर्योदय होता है।

संस्कृत में समय :

6 : 00 = षट्वादने

6 : 15 = सपाद षट्वादने

6 : 30 = सार्ध षट्वादने

6 : 45 = पादोन सप्तवादने कहा जाता है।

**75.** (D) **पञ्च।**

प्रश्नानुसार माहेश्वर सूत्रों में ह्रस्वस्वर पाँच होते हैं जिन्हें "अक् प्रत्याहार" या "मूल स्वर" के नाम से भी जाना जाता है।

= अ इ उ ऋ लृ = [5 वर्ष] ह्रस्व स्वर/अक्।

**76.** (A) **वृक्षे फलैः भूयते।**

कर्तृवाच्य — वृक्षे फलानि सन्ति।

भाववाच्य — वृक्षे फलैः भूयते। यही उपर्युक्त विकल्प है।

[तृतीया वि. बहुवचन] [मूल रूप भू धातु में 'य' लगाकर भाववाच्य बनाया गया]

**77.** (D) **नृपं वसुधां याचते।**

प्रश्नानुसार शुद्ध वाक्य "नृपं वसुधाम् याचते" है जिसका हिन्दी अनुवाद "राजा से पृथ्वी को माँगता है।" इस वाक्य में "अकथितं च" सूत्र से 16 द्विकर्मक धातओं से मुख्य कर्म के साथ–साथ गौण कर्म में "द्वितीया विभक्ति" होगी। "याच्" धातु "अकथिंत च" सूत्र से है।

**विशेष**—"अकथितं च" द्वितीया विभक्ति का सूत्र है। इसमें 16 द्विकर्मक धातुएँ हैं।

[दुह् पाच् पच, दण्ड रूध, पृच्छ, चि ब्र शास जि मथ् नी हृ कृषे वह।

जैसे— बलिं वसुधाम् याचते।

भिक्षुकः धनिक धनम् याचते तण्डुलान् ओदनं पचति।]

**78.** (B) **तस्मात् गुरोः विद्यां पठति।**

प्रश्नानुसार "उस गुरु से विद्या पढ़ता है।" का संस्कृत अनुवाद—"तस्मात् गुरोः विद्या पठति" होगा

"स" सर्वनाम शब्द रूप पठधातु लट् लकार प्रथम पुरुष

पंचमी विभक्ति एकवचन

**79.** (C) **वयं गुरुं नंस्यामः।**

प्रश्नानुसार "हम गुरु को नमस्कार करेंगे"। का संस्कृत अनुवाद "वयं गुरुं नंस्यामः" होगा।

विशेष—"नमः स्वास्ति स्वाहा स्वधा अलम् वषट् योगाच्च" सूत्र से नमः अव्यय पद में चतुर्थीवि होती है।

लेकिन नमः अव्यय पद किसी क्रिया से जुड़कर आये तो वहाँ "द्वितीया विभक्ति" लगाते हैं।

**80.** (B) **श्रीः।**

प्रश्न के अनुसार "साहसे श्री प्रतिवसति"। सूक्ति का अर्थ—"साहस में लक्ष्मी निवास करती है।" यह सूक्ति "मृच्छकटिकम" के "चौथे अङ्क" से ली गई है "मृच्छकटिकम्" रचना "शूद्रक" की है। इस सूक्ति में "श्री" शब्द ही उचित है।

**81.** (A) **अक्षरविधेः।**

प्रश्नानुसार "वर्णसमाम्नाय पद्धति" "अक्षर-विधि" का ही दूसरा नाम है। इस विधि को "वर्णबोध विधि" भी कहा जाता है यह सबसे प्राचीन विधि है पहले वर्णमाला में एक–एक वर्ण का ज्ञान इसी विधि द्वारा किया जाता है।

⟹ यह विधि पठन कौशल की अभिवृद्धि करने में सहायक है। तथा यह विधि प्राथमिक स्तर हेतू उपयोगी है।

**82.** (D) हरबर्टीय विधेः। [इनका पूरा नाम हरबर्ट स्पेन्सर है]

प्रश्नानुसार संस्कृत शिक्षण में प्रस्तावना, विषयोपस्थापनम्, तुलना, सामान्यीकरण, व प्रयोग "हरबर्ट की पंचपदी विधि" कहलाती है इसमें—

**प्रस्तावना**—यह छात्रों से पूर्व ज्ञान से संबंधित होती है, इसमें पढ़ाए जाने वाले पाठ को संबंध करने के लिए कुछ सरल प्रश्न पूछे जाते हैं।

**विषयोपस्थापन्न**—इस सोपान में उद्देश्य कथन के साथ विषय का प्रस्तुतिकरण किया जाता है।

**तुलना**—छात्रों के पूर्व संचित ज्ञान एवं वर्तमान नवीन ज्ञान की तुलना की जाती है।

**सामान्यीकरण**—विद्यार्थी संचित ज्ञान के आधार पर सामान्य बातों को समझकर उसका सामान्यीकरण करते हैं।

**प्रयोग**—सीखे हुए नवीन ज्ञान से निर्मित सामान्य बनाकर विद्यार्थियों से उनका प्रयोग कराया जाता है।

**83.** (A) **पारायण विधिः।**

प्रश्नानुसार श्लोकों, सूत्रों, गद्य व कण्ठस्थीकरण पर यही विधि देती है, यह विधि—व्याकरण शिक्षण की विधि है यह

"पाणिनी"के समय से प्रचलित है पारायण करने वाला "पारायणिक" कहलाता है पारायण में नियमों को रटना तथा उनकी बार-बार आवृत्ति करना।

⇒ ब्रहमचारी पूर्वाभिमुख होकर कुशासन पर बैठकर पारायण करते थे पारायण के बीच में अन्य विषयक वार्ता नहीं हो सकती थी।

**84.** (D) **क्रियाशीलतायाः अभ्यासस्य च सिद्धान्ते।**
प्रश्नानुसार रुचि, निरन्तरता और वैराग्य ये तीनों बिन्दु क्रियाशीलता के सिद्धान्त में समाहित है।

⇒ क्रियाशीलता के सिद्धान्त का दूसरा नाम अभ्यास का सिद्धान्त है, जिसमें बालक सतत अभ्यास के द्वारा सीखता है। "थार्नडाइक" ने कहा है "भाषा का विकास अभ्यास पर निर्भर करता है भाषा बिना अभ्यास के न तो सीखी जाती है न ही उसकी कुशलता बरकरार रखी जा सकती है।" इसमें कार्य को बार–बार करके उसे अधिक शीघ्रता से सीख लिया जाता है।

**85.** (D) **भाषण कौशलस्य।**
प्रश्नानुसार मनोरञ्जन करने के लिए, पुनः बोलने के लिए, सुनकर पुनः कहने के लिए शब्दों का सुन्दर (अच्छा) उच्चारण करने में "भाषण कौशल" की ही आवश्यकता होती है। शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना, कथा–कहानियों को भाषा के प्रवाह के साथ कहना। भाषाक्रीडा, नाटकों का अभिनय आदि अनेक माध्यम है, जिनसे भाषण–कौशल का विकास संभव है।

**86.** (B) **परीक्षया।**
प्रश्नानुसार छात्रों का ज्ञान का स्तर, बुद्धि का कौशल तथा कार्यशक्ति "परीक्षा" के द्वारा ही निश्चित होती है। अन्य विकल्पानुसार भ्रमण, वाद–विवाद व पाठ्य पुस्तक से छात्रों के ज्ञान के स्तर को नहीं परखा जा सकता है सभी विकल्पों को देखते हुए "B" विकल्प ही सत्य है।

**87.** (A) **पाठ्यपुस्तकम्।**
प्रश्नानुसार संस्कृतभाषा शिक्षण की इन्द्रियों के प्रयोग द्वारा दृश्य साधन "पाठ्य पुस्तक" होती है, क्योंकि अन्य विकल्पों को देखते हुए "दृश्य साधन" केवल "पाठ्यपुस्तक" है वे सभी श्रव्य साधन है। इसलिए विकल्प "A" ही सत्य है।

**88.** (C) **श्यामपट्टस्य।**
प्रश्नानुसार–किसी भी कक्षाकक्ष में प्रथम अनिवार्यता "श्यामपट्ट" की ही होनी चाहिए। अन्य विकल्पों में वस्त्र, कुर्सी व दण्डा को देखते हुए विकल्प 'C' ही सही है।

**89.** (A) **मूल्याङ्कनस्य।**
प्रश्नानुसार 18वीं शताब्दी में जब मौखिक परीक्षा होती थी तब यह प्राचीनतम साधन मूल्याङ्कन का था। "मौखिक परीक्षा" के माध्यम से ही मूल्याङ्कन किया जाता था मौखिक प्रश्नों के माध्यम से बालकों की अभिव्यक्ति और क्रियाशीलता की जाँच करना होता है।

**90.** (B) **तीव्रबुद्धि।**
प्रश्नानुसार शलाका परीक्षा छात्र का मूल्याङ्कन तीव्रबुद्धि का निरीक्षण करने के लिए की जाती है यह विद्यार्थी की वह परीक्षा जिसमें ग्रंथ में "शलाका डालने" जो पृष्ठ सामने आ जाय उसी की परीक्षा ली जाती थी। इससे विद्यार्थी की "बुद्धि" का पता चल जाता है। इसलिए यह परीक्षा ली जाती है।

## सामाजिक अध्ययन

**91.** (B)
- थेरीगाथा के सम्बन्ध में सही कथन है– यह सुत्तपिटक का हिस्सा है, भिक्षुणियों रचित छन्दों का संकलन किया गया है, तथा इसमें महिलाओं की सामाजिक आध्यात्मिक अनुभवों के बारे में अन्तर्दृष्टि मिलती है।
- थेरीगाथा बौद्ध साहित्य का प्रमुख ग्रंथ है। सुत्तपिटक के खुद्दक निकाय में थेरीगाथाएँ संगृहीत हैं।

**92.** (A)
- वर्धमान महावीर लिच्छवी वंश से संबंधित थे। इनका जन्म 599 ई. पू. में वैशाली के कुण्डग्राम में हुआ था और 12 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद इन्हें कैवल्य प्राप्त हुआ। 72 वर्ष की अवस्था में पावापुरी में इनकी मृत्यु हो गई थी।
- महावीर स्वामी को जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक और 24वाँ तीर्थंकर माना जाता है।

**93.** (D)
- सोलह महाजनपदों में मगध प्रथम इसलिए था–खेती की उपज अच्छी होना, लोहे की खदान होना तथा जंगली हाथी का अलग होना।

सोलह महाजनपदों में मगध खेती की उपज के लिए अच्छा था, तत्कालीन समय में मगध दोआब क्षेत्र में पड़ता था। यहाँ की मिट्टी बहुत उपजाऊ थी।

- यद्यपि मगध में पर्याप्त मात्रा में लोहे की खदानें भी थीं, जिससे अस्त्र-शस्त्र बनाने में मदद मिलती थी।
- मगध में बड़े पैमाने पर हाथी पाये जाते थे जिनका उपयोग सैनिक कार्यों के लिए होता था।
- सोलह महाजनपदों का उल्लेख बौद्ध ग्रन्थ अगुन्तर निकाय में तथा जैन ग्रन्थ भगवती सुत्त में मिलता है।

**94.** (B)
- लोथल नामक हड़प्पाई स्थल गुजरात में स्थित है लोथल की खोज रंगनाथ राव ने वर्ष 1954-63 के बीच की थी।
- लोथल से गोदी बाडे के प्रमाण, चावल के प्रमाण और यज्ञ वेदियों के प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

**95.** (B)
- मेगस्थनीज ने मौर्य प्रशासक में सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए 6 उप-समितियों का उल्लेख किया है।
- मेगस्थनीज यूनानी शासक सेल्यूकस के दूत के रूप में मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था जिसने भारत के संबंध में 'इण्डिका' नामक पुस्तक लिखी।

**96.** (D)
- गुप्तकाल में ब्राह्मणों को जो भूमि दान दी जाती थी उसे अग्रहार कहा जाता था। इस प्रकार की भूमि सभी प्रकार के करों से मुक्त होती थी और उस पर ध ारक का पूर्ण स्वामित्व होता था।
- इस प्रकार की भूमिदानों का उद्देश्य केवल शैक्षणिक व धार्मिक होता था।

**97.** (D)
- चालुक्यों की राजधानी एहोल थी। चालुक्य वंश का संस्थापक कीर्ति वर्मन प्रथम था। पुलकेशिन द्वितीय इस वंश का महानतम शासक था।
- पाण्ड्यों की राजधानी मदुरै जबकि अमरावती राष्ट्रकूटों की दूसरी राजधानी थी।

**98.** (D)
- पोलज, परती, चाचर व बंजर भूमि के प्रकार मुगलकाल से संबंधित हैं।
- मुगलकाल में भू-राजस्व की दर भूमि की उर्वरा शक्ति और उसके प्रकार के आधार पर निर्धारित की जाती थी।
- पोलज भूमि पर वर्ष भर कृषि की जाती थी।

**99.** (A)
- बेरीगाज़ा प्राचीन भारत के भरुच बंदरगाह का यूनानी नाम था, क्योंकि यह नाम किसी यूनानी व्यापारियों द्वारा दिया गया था।
- अरिकामेडु पोहार और मदुरै भी पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाह थे।

**100.** (C)
- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर आने वाला पहला सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक था, जिसने 1332 ई. में इस दरगाह की यात्रा की थी।

- यह दरगाह राजस्थान के अजमेर जिले में स्थित है
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने अजमेर में अढ़ाई दिन का झोंपड़ा नामक मस्जिद का निर्माण करवाया था।

**101.** (A) अकबर की सुलेख की पसंदीदा शैली नस्तलिक थी। अकबर यद्यपि पढ़ा-लिखा नहीं था, परन्तु उसकी रुचि साहित्य व कला में अत्यधिक थी। उसने न केवल अनुवाद विभाग स्थापित किया, बल्कि पूर्व मध्य की कई शैलियों का प्रयोग लेखन कला व साहित्य के क्षेत्र में दिया।

**102.** (A)
- चोल अभिलेखों में भूमि की विभिन्न कोटियों का उल्लेख मिलता है, उनमें से "वेल्लनवगाई" का संबंध गैर-ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि से था।
- चोल काल में ब्राह्मणों को उपहार में दी जाने वाली भूमि ब्राह्मोदय कहलाती थी।
- किसी विद्यालय के रख–रखाव के लिए दी गई भूमि को शालभोग कहते थे।
- मंदिरों के दान में दी गई भूमि को देवदाना कहते थे।

**103.** (C) "द रिलीफ ऑफ लखनऊ" नामक चित्र 1857 नामक विषय में थॉमस जोन्स बार्कर ने 1859 में बनाया था। बार्कर एक प्रसिद्ध यूरोपीय चित्रकार थे, जिन्होंने इस पेंटिंग के माध्यम से उन ब्रिटिश कमाण्डरों का चित्रण किया है, जिन्होंने 1857 के विद्रोह का दमन किया था।

**104.** (C) 'गुलामगिरी' नामक पुस्तक के लेखक ज्योतिराव फुले थे जिन्होंने लोक प्रचलित मिथकों का विरोध कर निम्न जातियों में चेतना का विकास किया था और भारत में वे जाति विरोधी आन्दोलन के शीर्ष नेता के रूप में उभरे थे।

**105.** (C)
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पहले जनरल अलेक्जैंडर कनिंघम थे। वे ब्रिटिश सेना में इंजीनियर के पद पर तैनात थे।
- कनिंघम को भारतीय पुरातत्त्व का जनक माना जाता है। उन्होंने जेम्स प्रिन्सेंस के साथ मिलकर अशोक के अभिलेखों की खरोष्ठी लिपि को पढ़ने का प्रयास किया था।

**106.** (D)
- परिवार कल्याण विषय भारत की 7वीं अनुसूची में दिया गया है–
- जब कि संविधान की 4वीं अनुसूची में राज्यसभा की सीटों का उल्लेख है। 9वीं अनुसूची भूमि सुधार से तथा 11वीं अनुसूची पंचायती राज्य से संबंधित है। जबकि 6वीं अनुसूची का संबंध पूर्वोत्तर राज्य से संबंधित है।

**107.** (D)
- भारत के संविधान में संशोधन करने की शक्ति संसद को प्राप्त है अर्थात् संसद संविधान संशोधन करने की एक संस्था है। अनु. 368 में संविधान में संशोधन करने का प्रावधान किया गया है।
- संसद का निर्माण अनु. 79 के तहत लोकसभा + राज्यसभा + राष्ट्रपति से मिलकर होता है।

**108.** (C)
- भारत में विधिक सेवा दिवस 9 नवम्बर को मनाया जाता है। भारत में विधिक सेवा दिवस का आरम्भ 1995 में हुआ था।
- विधिक सेवा दिवस मनाये जाने का उद्देश्य गरीब व असहाय वर्गों को सहायता देना है जो प्रायः अपनी स्थिति के कारण न्याय से वंचित रह जाते हैं। 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

**109.** (D) भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित शब्दों का सही अनुक्रम न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता हैं। स्मरण रहे, भारतीय संविधान के यह पद संविधान की उद्देशिका के उद्देश्यों को दर्शाते हैं।

**110.** (D)
- भारत में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में लागू हुआ था। यह अधिनियम महिला आयोग बाल विकास मंत्रालय द्वारा बनाया गया।
- पॉस्को एक्ट का उद्देश्य महिला व बालकों के प्रति यौन अपराधों को रोकना है। पॉस्को एक्ट में उन सभी तथ्यों को रखा गया है, जो महिला व बाल अपराधों को निर्दिष्ट करती है।

**111.** (A)
- करों का भुगतान करें अनुच्छेद (51) क में दिए गये मूल कर्त्तव्यों में शामिल नहीं है। भारतीय संविधान में मूल कर्त्तव्यों की अभिधारणा सोवियत संघ से ली गयी थी।
- देश की रक्षा करें, सार्वजनिक सम्पत्ति सुरक्षित रखें, वैज्ञानिक दृष्टि का विकास करे ये सभी मूल कर्त्तव्य हैं।

**112.** (B)
- 91वें संविधान संशोधन द्वारा मंत्री परिषद् का आकार निर्धारित किया गया।
- यह संशोधन वर्ष 2003 में हुआ था जिसके तहत दलबदल व्यवस्था में संशोधन, किसी दल की मान्यता के नियमों में संशोधन तथा मंत्रीपरिषद् का आकार निश्चित किया गया जिसके अनुसार मंत्रीपरिषद् सदस्यों की संख्या कुल निर्वाचकों की संख्या का 15% से अधिक नहीं हो सकती।

**113.** (A)
- दो राज्यों के मध्य विवाद उच्चतम न्यायालय के मौलिक क्षेत्राधिकार का हिस्सा है।
- राज्यों के बीच विवाद उल्लेख अनु॰ 131 में हुआ है, ऐसे विवादों के संदर्भ में उच्चतम–न्यायालय प्रारम्भिक अधिकारिता रखता है।

**114.** (B)
- मूल संरचना का सिद्धान्त न्यायपालिका ने केशवानन्द भारती मामले में प्रतिपादित किया था।
- 1973 में केशवानन्द भारती केरल राज्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय की 13 सदस्यी पीठ ने यह अभिधारित किया था कि संविधान की मूल संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता।

**115.** (C)
- शनि एक आन्तरिक ग्रह है। यह कथन असत्य है, क्योंकि शनि एक बाह्य ग्रह है।
- जबकि पृथ्वी को नीला ग्रह, शुक्र को पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह है, बुध सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण 88 दिन में पूरा करता है। कथन सत्य है।

**116.** (A)
- जब $0^o$ देशान्तर पर सुबह के 10 बज रहे हों तो $15^o$ पूर्वी देशान्तर पर प्रातः 11 : 00 बजे का समय होगा।
- क्योंकि $0^o$ देशान्तर से पूर्वी देशान्तर की ओर बढ़ने पर समय में वृद्धि होती है। $1^o$ देशान्तर 4 मिनट के बराबर होता है। $15^o$ देशान्तर पर 1 घण्टे समय बढ़ जाता है।

**117.** (A) भू-पर्पटी के नीचे वह स्थान जहाँ भूकम्प आरम्भ होता है। भूकम्प का उद्गम केन्द्र या एपीसेन्टर कहलाता है। दुनिया को विभिन्न भूकम्प क्षेत्रों में बाँटा गया है। साथ ही भारत को भी 5 भूकम्प क्षेत्रों में बाँटा गया है भारत में भूकम्प क्षेत्र 5 को अधिक भूकम्प संभावित क्षेत्र माना जाता है।

**118.** (A)
- भूकम्प और ज्वालामुखी घटित होने के कारण अन्तर्जनित बल हैं।
- दुनिया में सर्वाधिक भूकम्प संभावित क्षेत्र व ज्वालामुखी प्रशान्त महासागरीय पेटी में स्थित है। दुनिया में जापान सर्वाधिक भूकम्प संभावित क्षेत्र है।

**119.** (D)
- अगुलहास धारा हिन्द महासागर में प्रवाहित होती है तथा यह हिन्द महासागर की पश्चिमी धारा है।

- अगुलहास की धारा अफ्रीका की तटरेखा के 27º दक्षिण से 40º दक्षिण तक बहती है यह संकीर्ण व शक्तिशाली धारा है।
- यह मार्ग जल धारा है।

**120.** (B)
- उत्तर–भारतीय मैदान में बाढ़ निर्मित युवा निक्षेपों को खादर नाम से जाना जाता है।
- खादर जलोढ़ मिट्टी से बने अत्यन्त उपजाऊ उच्चाव उच्च क्षेत्र होते हैं जिसमें प्रायः छोटे व मध्यम कणों वाली मिट्टी पायी जाती है।

**121.** (A) 'स्वीप' (SVEEP) मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित है, भारतीय मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम 2009 में लागू किया गया था। इसका अन्य उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की जानकारी कराना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहकारिता सुनिश्चित करना है।

**122.** (A)
- भारत में बहुतायत से पाये जाने वाला वन उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन है। इन्हें मानसूनी वन भी कहा जाता है। यहाँ वर्षा 70ºC से लेकर 200ºC तक होती है।
- भारत में इन वनों का विस्तार दक्षिणी राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व पूर्वोत्तर भारत में है। यहाँ शीशम, महुआ, साल, टीक व बाँस के वृक्ष पाये जाते हैं।

**123.** (B) विश्व में सबसे अधिक बिकने वाली कैंसर रोधी औषधि भारत में हिमालयन यव पौधे से प्राप्त होती है,जिसे थुनैर भी कहा जाता है। वर्तमान में इसके अत्यधिक कटान व उपयोग के कारण इस वृक्ष पर अस्तित्व का खतरा मँड़रा रहा है। IUCN से इसे रेड डाटा बुक में शामिल किया है।

**124.** (B)
- जूट फसल को सुनहरा रेशा के नाम से जाना जाता है। सामान्य तौर पर इस फसल को जूट कहा जाता है
- जूट पीले भूरे रंग का प्राकृतिक वनस्पति रेशा होता है, जिसका वनस्पतिक नाम टिलिएसिई है, तथा यह भारतीय और अफ्रीकी मूल का पौधा है। इसका सर्वाधिक उत्पादन भारत के पश्चिम बंगाल राज्य में होता है।

**125.** (A) मैंगनीज–ताँबा धात्विक खनिज युग्म है, जबकि प्रश्नगत लोहा–अभ्रक, ताँबा–अभ्रक, ताँबा–ग्रेफाइट, अभ्रक–डोलोमाइट ये सभी धात्विक खनिज युग्म नहीं हैं, चूँकि अभ्रक डोलोमाइट में सभी अधात्विक खनिज हैं।

**126.** (D)
- राजस्थान का कल्पवृक्ष खेजड़ी है खेजड़ी एक बहुउपयोगी वृक्ष है, जो राजस्थान के मरुस्थलीय भाग में पाया जाता है। इस वृक्ष की पत्तियों का उपयोग सब्जी के रूप में व पशु चारे के रूप में किया जाता है।
- जवाहर सागर अभयारण्य कोटा, बूँदी, चित्तौड़गढ़ में है। अर्द्ध उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों को मानसून वन भी कहते हैं तथा केसर बाग वन्य जीव अभयारण्य धौलपुर जिले में स्थित है। जबकि रोहिड़ा राजस्थान का राज्यपुष्प है।

**127.** (C) बाणगंगा माही नदी की सहायक नदी नहीं है। अतः विकल्प (D) का सही सुमेल नहीं है यह गम्भीर नदी की सहायक नदी है जो स्वयं यमुना की सहायक नदी है, जो फतेहाबाद आगरा के निकट सीधे यमुना में मिलती है जबकि लूनी की सहायक नदी जोजड़ी, बनास की सहायक नदी मेनाल तथा चम्बल की सहायक नदी पार्वती है।

**128.** (D)
- राजस्थान के शुष्क व अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में पालर-पानी शब्द वर्षा पानी के लिए प्रयुक्त होता है।
- राजस्थान के शुष्क और अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों जहाँ प्रायः पानी का अभाव पाया जाता है, वहाँ वर्षा जल को पक्के चौड़े बड़े कुआँ में संग्रहित किया जाता है और पीने के लिए प्रायः उसी का प्रयोग किया जाता है।

**129.** (A) राजस्थान के जोधपुर जिले में भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क स्थापित किया गया है। यह जोधपुर जिले के भड़ला गाँव में स्थित है। यह विश्व का भी सबसे बड़ा सोलर पार्क है। यह सोलर पार्क 50 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, तथा यहाँ 50 सोलर प्लाँट हैं। जिनकी क्षमता 2245 मेगावाट है।

**130.** (A) राजस्थान में 1857 की क्रान्ति के समय सिरोही रियासत का पॉलिटीकल एजेन्ट जे. डी. हॉल था जिसकी 1857 की क्रान्ति के समय हत्या कर दी गयी थी। जबकि 1857 में 7 मेजर बर्टन कोटा में, ईडन जयपुर में तथा मैक मैसन मारवाड़ में अंग्रेजों के राजनीतिक प्रतिनिधि थे।

**131.** (C)
- मोतीलाल तेजावत कोलियारी गाँव के निवासी थे जिनका जन्म 1846 में हुआ था, उन्होंने राजस्थान में वनवासी संघ की स्थापना की थी और एक आंदोलन शुरू किया था।
- मोतीलाल तेजावत को आदिवासियों का मसीहा के नाम से भी जाना जाता है। वे देश की स्वतन्त्रता के बाद उदयपुर से कई बार सांसद रहे थे।

**132.** (D) हाथल गाँव का संबंध राजस्थान के एकीकरण में सिरोही रियासत से जुड़ा हुआ है। राजस्थान में एकीकरण की प्रक्रिया 7 चरण में पूरी हुई थी। यह प्रक्रिया 18 मार्च, 1948 को शुरू हुई जो 1 नवंबर, 1956 को कुल लगभग $8\frac{1}{2}$ वर्षों में पूरी हुई।

**133.** (D)
- गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक ने तारागढ़ दुर्ग को दुनिया का दूसरा जिब्राल्टर कहा है। विलियम बेंटिक ने 1832 में इस दुर्ग का दौरा किया था।
- तारागढ़ का दुर्ग राजस्थान के अजमेर की सबसे ऊँची चोटी पर स्थित है। अकबर ने भी इसके सामरिक महत्त्व को देखते हुए अजमेर को सबसे बड़ा सूबा बनाया था।

**134.** (A) सही सुमेल इस प्रकार है।

| उत्सव | | जिला |
|---|---|---|
| ऊँट उत्सव | – | बीकानेर |
| मरु उत्सव | – | जैसलमेर |
| पतंग उत्सव | – | जयपुर |
| मेवाड़ उत्सव | – | उदयपुर |

**135.** (B) अजमेर के पास स्थित पुष्कर में बाराह मंदिर का निर्माण अर्णोराज ने कराया था। अर्णोराज ने आबू पर्वत की तलहटी में महमूद गजनवी को पराजित किया था। अजयराज ने सातवीं शताब्दी में अजयमेरु पर्वत पर अजमेर शहर बसाया था। अजमेर चौहान वंश के शासकों की पहली राजधानी थी इस वंश का संस्थापक बासुदेव था।

**136.** (D)
- 1987 का सूर्यमल्ल मिश्रण पुरस्कार कन्हैयालाल सेठिया की सबद साहित्य रचना को दिया गया था।
- कन्हैयालाल सेठिया राजस्थान भाषा के सुप्रसिद्ध कवि थे, जिन्हें साहित्य पुरस्कारों के अलावा वर्ष 2004 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया था।

**137.** (A) आदिवासियों का कुंभ राजस्थान के बेणेश्वर मेले को कहा जाता है। यह मेला राजस्थान के डूँगरपुर जिले में लगता है और हर साल माघ पूर्णिमा पर राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों के आदिवासी भी मेले में शामिल होते हैं।

**138.** (B) थमण्यो, थेड्यो, आड़, ठुस्सी नामक आभूषण महिलाओं द्वारा कंठ में धारण किये जाते हैं। राजस्थान एक विविध

सांस्कृतिक परिवेश वाला राज्य है, जहाँ प्राचीन काल से ही महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आभूषण और लिबास पहनने की अवधारणा रही है।

**139.** (B)
- 'महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स' की स्थापना सवाई राम सिंह ने की थी, सवाई राम सिंह ने सन् 1857 में कला को बढ़ावा देने के लिए किशन पोल बाजार में कला से संबंधित मदरसे मदरसा ए–हूनरी की स्थापना की थी।
- 1886 में मदरसा–ए–हूनरी का नाम बदलकर महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट कर दिया गया।

**140.** (C) वालर नृत्य स्त्रीयों व पुरुषों द्वारा किया जाता है। यह नृत्य राजस्थान की आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा खूबसूरत परिधान पहनकर बड़े उत्साह के साथ किया जाता है। विशेष तौर पर यह नृत्य गरसिया जनजाति का एक प्रमुख लोकनृत्य है। यह होली के अवसर पर किया जाता है।

**141.** (A) शिक्षा नई पीढ़ी के समाजीकरण के अतिरिक्त कुछ नहीं है, यह कथन दुर्खीम का है, दुर्खीम फ्रांसिसी महान् समाजशास्त्री थे, उन्होंने कार्ल मार्क्स और मैक्स बेवर के साथ मिलकर आधुनिक समाजशास्त्र का निर्माण किया था, उन्हें समाजशास्त्र का जनक भी कहा जाता है।

**142.** (D) क्रियात्मक कौशलों का विकास उद्देश्य की सम्प्राप्ति पर विद्यार्थी किसी मानचित्र में अंकित अशुद्धियों को सही कर सकता है, कोई विद्यार्थी विषयगत बोध प्राप्त करने पर मानचित्र में अंकित अशुद्धियों को सही कर सकता है।

**143.** (B) बेन्जामिन ब्लूम के संज्ञानात्मक पक्ष से संबंधित अधिग्रहण शिक्षण उद्देश्य नही हैं, जबकि ज्ञान, विश्लेषण, मूल्यांकन बेन्जामिन ब्लूम संज्ञानात्मक पक्ष से संबंधित उद्देश्य है।

**144.** (D) कक्षा शिक्षण में तुलनात्मक अध्ययन के लिए ग्राफ उपयोगी होते हैं, ग्राफों के माध्यम से किसी वस्तु की स्थिति को दर्शाया जाता है, जिसके द्वारा उस वस्तु के साथ अन्य वस्तु की तुलना अधिक आसान होती है।

**145.** (B) "मॉडल ऑफ अन्डरस्टैंडिंग लेवल ऑफ टीचिंग" को मॉरीसन मॉडल नाम से भी जाना जाता है, इस मॉडल में शिक्षण के तथ्यों पर बल नहीं दिया जाता बल्कि विषय वस्तु पर बल दिया जाता है। साथ ही छात्रों के व्यक्तित्व के विकास का भी ध्यान रखा जाता है।

**146.** (B) प्राचीन एवं वर्तमान काल संस्कृति एवं लोक जीवन का छात्र प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त करता है वह स्थान संग्रहालय है, संग्रहालय एक अनौपचारिक माध्यम है, और शिक्षण में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अन्तर्गत शामिल किया जाता है।

**147.** (D) अनुदेशन तकनीक की प्रकृति के अनुसार प्रायोजना विधि जी.सी.आई. (समूह नियंत्रित अनुदेशन) से संबंधित है, इस विधि में एक अध्यापक योजना बनाकर अपने शैक्षिक कार्यक्रम को नियंत्रित करता है।

**148.** (C) सूचना का विश्लेषण पद प्रायोजना विधि का भाग नहीं है, जबकि परिस्थिति उत्पन्न करना, प्रायोजना का चुनाव तथा प्रायोजना का मूल्यांकन प्रायोजना विधि के भाग हैं। प्रायोजना विधि मुख्य रूप से कल्पना से शुरू होती है और कल्पनाएँ परिस्थितियाँ उत्पन्न करती हैं।

**149.** (B) मूल्यांकन एवं मापन के संबंध का निर्धारण मूल्य = मापन + मूल्य निर्धारण सूत्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है, अर्थात् मूल्यांकन किसी व्यक्ति या वस्तु के संबंध में मापन तथा मूल्य निर्धारण का योग है।

**150.** (D) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में मूल्यांकन को निरन्तर और व्यापक बनाने के अन्तर्गत प्रश्नपत्र निर्माण में अध्यापकों को गहन प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है। यह सुझाव नहीं दिया गया था जबकि इस शिक्षा नीति के अनुसार मूल्यांकन लक्ष्य आधारित होना चाहिए मूल्यांकन का स्वरूप व्यापक होना चाहिए तथा मूल्यांकन निरंतर किया जाना चाहिए मूल्यांकन के निरन्तर और व्यापक बनाने के अन्तर्गत सुझाव दिये गये थे।

❑❑